श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 179, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 28 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# यूपीए ने पाप छिपाने के लिए नाम बदला: मोदी

## विपक्षी गठबंधन राष्ट्रहित में नहीं बल्कि अपने पुराने पापों को ढकने का प्रयास कर रहा






**सीकर।** **प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नए नाम से आया विपक्षी गठबंधन राष्ट्रहित में नहीं बल्कि अपने पुराने पापों को ढकने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को सांवली रोड़ सीकर में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनमोल रतन निपजावे शेखावाटी की ठेठ मारवाड़ी रचना के साथ अंचल के धार्मिक श्रद्धा केन्द्रों को नमन तथा पूर्व व वर्तमान के पुरोधाओं का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने अपना संबोधन आरंभ किया। करीब चालीस मिनट के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार व राजनीतिक विपक्षी दलों के गठबंधन पर जमकर तंज कसे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार फ्राड से बदनाम होने पर कोई कम्पनी नए नाम से आकर दुबारा ठगने का प्रयास आरंभ करती है, उसी प्रकार यूपीए नए नामकरण के साथ अवतरित हुआ है। नाम बदलने से किसी की नीयत नहीं बदलती है। प्रधानमंत्री ने उल्लेख करते हुए बताया कि जैसे देश विरोधी गतिविधियां उजागर होने पर प्रतिबंधित की गई इस्लामिक स्टूडेन्ट मूवमेंट आफ इण्डिया अपना नाम बदलकर पापुलर फेडरेशन आफ इण्डिया के नाम से आई, वैसे ही यूपीए अपना नाम इंडिया बदलकर अपने किए पापों को छुपाने का प्रयास कर रहा है। इन्हें राष्ट्रहित की परवाह होती तो विदेशों से दखल देने की बात नहीं करते। राष्ट्रहित की बजाय तुष्टीकरण की नीति में डूबे ये दल सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक पर सवाल नहीं खड़े करते। गलवान घाटी पर टिप्पणियां कर देश की सेना को कठघड़े में खड़ा नहीं करते। देश की सेना पर इनको भरोसा नहीं है। सैनिकों की मूलभूत सुविधाओं तक रोके रखा। टुकड़े-टुकड़े गैंग को गले लगाया, आतंकवादियों पर आंसू बहाए। देश की विदेश नीति पर वोट बैंक के लिए विदेशों के सम्पर्क साधे। कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दौर था कि अहंकार से भरी कांग्रेस ने इंदिरा इज इंडिया का नारा दिया गया, जिस पर देशवासियों ने हिसाब चुकता कर दिया। प्रधानमंत्री ने खचाखच भरे पांडाल से आह्वान किया कि जिस प्रकार देश की आजादी के लिए महात्मा गांधी ने क्विट इंडिया (अंग्रेजों भारत छोड़ो) का नारा दिया उसी प्रकार समृद्ध भारत के लिए भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण भारत छोड़ो का नारा गांव गांव पहुंचाएं। कांग्रेस को दिशाविहीन पार्टी बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह नया बोर्ड लगाकर लूट की नई दुकान चलाना चाहती है। सभा में दूर दूर तक उपस्थित जनसैलाब का अभिवादन कर प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में भाजपा की जीत का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ऊंट किस करवट बैठेगा, कहावत का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां ऊंट की करवट की बदलेगी और राजस्थान वासियों की किस्मत भी। राजस्थान में एक ही नारा चलेगा जीतेगा कमल, खिलेगा कमल। केन्द्र सरकार राजस्थान की आधारभूत सुविधा के लिए लगातार पैसा भेज रही है। गत दस वर्ष के कार्यकाल में कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने जहां टैक्स कलेक्शन में राजस्थान के हिस्से के एक लाख करोड़ रुपये दिये वहीं नौ वर्ष की केन्द्र की भाजपा सरकार ने चार लाख करोड़ रुपये दिए। इसी प्रकार अपने शासन काल में कांग्रेस ने केन्द्रीय ग्रांट में पचास हजार करोड़ दिए वहीं नौ वर्ष में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने डेढ़ लाख करोड़ रुपये राजस्थान सरकार को दिए।

राजस्थान की कांग्रेस सरकार को विकास में रोड़ा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर जल की महत्वाकांक्षी जल जीवन योजना में रोड़ा अटका कर राजस्थान को पानी के लिए तरसाया जा रहा है। भाजपा की पांच हजार करोड़ रुपये से आरंभ शेखावाटी की कुंभाराम लिफ्ट योजना को लटकाकर खर्च दोगुना कर दिया। प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनता को काम का हिसाब भी नहीं देती है।

### लाल डायरी के पन्ने खुलेंगे तो अच्छे से अच्छे निपट जाएंगे: मोदी

बहुचर्चित लाल डायरी का उल्लेख करते ही सभा में उपस्थित लोग जोश से भर गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान सरकार ने लूट की दुकान खोल रखी है, लाल डायरी के पन्ने खुलेंगे तो अच्छे से अच्छे निपट जाएंगे। लाल डायरी का नाम सुनते ही इनकी बोलती बंद हो जाती है। राजस्थान में पेपर लीक एक उद्योग का रूप ले चुका है, जिससे बेरोजगारों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। राजस्थान में पनपे पेपर लीक माफिया से छुटकारा पाने के लिए यहां से कांग्रेस को हटाना होगा।

## किसानों के खातों में 17 हजार करोड़ ट्रांसफर किए

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सीकर में किसानों के खातों में 17 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए।

इसके साथ ही केंद्र सरकार ने किसानों के लिए यूरिया गोल्ड भी लॉन्च किया। मोदी ने कहा कि जो यूरिया की बोरी देश के किसानों को 266 रुपए में मिल रही है, वह बोरी पाकिस्तान में 800 रुपए में मिलती है। पड़ोसी देश चीन में 2100 रुपए और अमेरिका में 3 हजार रुपए में मिल रही है।

## राजस्थान में कानून व्यवस्था बदहाल: पीएम



**पीएम** ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था बदहाल हो गई है। उन्होंने कहा कि शांत प्रदेश में गैंगवार, गरीबों पर अत्याचार,नशे की तस्करी, तीज त्योहारों पर खतरा मंडराने लगा है। कब गोली चल जाए, कर्फ्यू लग जाए, पता नहीं। वीर प्रसूता धरती राजस्थानवासी अपनी बहू बेटियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं कर सकते। कांग्रेस राज में दलित बेटी से बलात्कार कर एसिड उड़ेल दिया जाता है, पति के सामने पत्नी से बलात्कार कर वीडियो वायरल किया जाता है फिर भी पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने में भी टालमटोल करती है। कांग्रेस के नेता घटनाओं को ही झूठा होने का आरोप लगाते है। हुंकार भरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा बहुत हो गया, अब नहीं सहेंगे। उन्होंने बहन बेटियों, दलितों, भ्रष्टाचार, कर्ज में दबा किसान, अपराध बेलगाम नहीं सहेगा राजस्थान, उद्बोधन के साथ सभा में मौजूद जनता से नारे लगवाए।

शिक्षा नगरी के रूप में विख्यात शेखावाटी से साथ देने की अपील के साथ प्रधानमंत्री ने सभी से आगामी चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का हाथ उठाकर संकल्प कराया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने स्वागत भाषण तथा पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व स्थानीय सांसद स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती ने संयुक्त रूप से बाबा खाटूश्याम का चित्र भेंट किया। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने हल भेंट किया। मंच पर भाजपा के केन्द्रीय व राज्यस्तरीय नेतागण उपस्थित थे। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान सभा से मोदी मोदी के नारे लगते रहे। महिलाओं की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति थी।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री के आगमन पर हैलीपेड पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वागत किया।

# संसद में मणिपुर पर विरोध हंगामा जारी

## काले कपड़ों में पहुंचा विपक्ष; राज्यसभा में सिनेमैटोग्राफ संशोधन बिल पास, अब पायरेसी पर 3 साल जेल



**नई दिल्ली: मणिपुर** हिंसा पर गुरुवार (27 जुलाई) को भी संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। हालांकि रुक-रुककर हुई कार्यवाही के बीच लोकसभा में 2 बिल और राज्यसभा में 1 बिल पास हुआ। राज्यसभा ने सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) बिल पास किया, जिसमें पायरेसी के लिए 3 साल की जेल और प्रोडक्शन कॉस्ट का 5% जुमार्ने का प्रस्ताव है। हंगामा कर रहे विपक्ष को स्पीकर ओम बिड़ला ने फटकार लगाई। उन्होंने कहा- पूरा देश देख रहा है, आप कैसा उदाहरण पेश करना चाहते हैं। हंगामा नहीं रुका तो सदन दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया।

2 बजे दोबारा सदन बैठा, लेकिन नारेबाजी लगातार जारी रही। एस जयशंकर और अधीर रंजन चौधरी के स्टेटमेंट के दौरान जमकर हंगामा हुआ, सदन 3 बजे तक स्थगित किया गया। हंगामे के बीच 2 बिल जन विश्वास संशोधन और रिपील एंड अमेंडमेंट बिल पास हुआ। इसके बाद कार्यवाही शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

राज्यसभा से विपक्ष वॉकआउट कर गया: राज्यसभा में शुरूआत में 45 मिनट कार्यवाही चली। विदेश मंत्री एस जयशंकर जब बोल रहे थे तब विपक्ष नारेबाजी करता रहा।

## इंडिया घटक दलों के सांसद मणिपुर का कर सकते हैं दौरा

**नई दिल्ली: मणिपुर** मुद्दे को लेकर विपक्ष एक जुट है। इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सड़क से संसद तक प्रदर्शन जारी है।

इसी बीच पता चला है कि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक दलों के सांसद जल्द ही मणिपुर का दौरा करने वाले हैं। सूत्रों का कहना है कि इंडिया घटक दलों के सांसद 29-30 जुलाई को हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर के हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा कर चुके हैं।

यह पहला मौका होगा, जब इंडिया घटक दलों के सांसद मणिपुर दौरे पर जाएंगे। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि मणिपुर अशांत हैं और राज्य व केन्द्र सरकार यहां शांति बहाली में विफल रहे हैं। बीते दिनों यहां दो महिलाओं के साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसको लेकर विपक्ष ने सरकार से नाराजगी जताते हुए राज्य के मुख्यमंत्री को पद से हटाने की मांग की थी।

## कंझावला हिट एंड रन: सातों आरोपितों के खिलाफ तय होंगे आरोप



**नई दिल्ली: दिल्ली के** रोहिणी कोर्ट ने कंझावला हिट एंड रन मामले में सात आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। एडिशनल सेशंस जज नीरज गौर ने सात में से चार आरोपितों के खिलाफ हत्या के आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने अमित खन्ना, मनोज मित्तल, मिथुन और कृष्ण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 120बी, 201, 212 समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया। कोर्ट ने दीपक खन्ना,अंकुश और आशुतोष के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 201, 212, 182, 34 और 120बी के आरोप तय करने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने 01 अप्रैल को 800 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी, जिस पर कोर्ट ने 13 अप्रैल को संज्ञान लिया था। दिल्ली पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने 120 लोगों को गवाह बनाया है। आरोपित अंकुश खन्ना और अमित खन्ना भाई हैं। आशुतोष भारद्वाज उस कार का मालिक है, जिससे घसीटने पर अंजलि की मौत हुई थी। आशुतोष पर आरोप है कि उसने अन्य आरोपितों को बचाने की कोशिश की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता चला कि अमित कार चला रहा था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। एफआईआर के मुताबिक दीपक ने शुरूआत में पुलिस को बताया था ।

● सात में से चार आरोपितों के खिलाफ हत्या के आरोप तय करने का आदेश

## जमीनों में गड़बड़ी करने वाले को सरकार नहीं बख्शेगी : सीएम

**देहरादून: मुख्यमंत्री** पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार जमीनों में गड़बड़ी करने वाले को नहीं छोड़ेगी। बड़े गिरोह के रूप में काम करने की शिकायत मिली है। आज इसी तहत उप निबंधक देहरादून को निलंबित किया गया है। आगे भी जमीन धोखाधड़ी करने वाले पर कठोर निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लंबे समय से जमीनों में धोखाधड़ी की शिकायत आ रही थी। यहां तक रजिस्ट्रार कार्यालय में कागज भी बदल दिए गए हैं। इस संबंध खुद उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून का औचक निरीक्षण किया था और कई खामियां पाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग अपने खून पसीने की कमाई से जमीन खरीदते हैं और अगर रजिस्ट्रार कार्यालय में ही कागज बदल दिए जाते हैं तो यह बहुत गलत है। अच्छे लोगों के पुरानी व पैतृक संपत्ति पर संकट नहीं आने दिया जाएगा, वो निश्चिंत होकर यहां रहें, उनकी सरकार सुरक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री रजिस्टर में कई जगह पर पन्ने बदलने की बात सामने आई है। इस मामले में तीन सदस्यीय एसआईटी समिति बनाई गई है, जो निष्पक्ष जांच करेगी।

### दीवारों-मूर्तियों पर नक्काशी को फाइनल टच दिया; इनॉगरेशन जनवरी में, मोदी को न्योता

## श्रीराम मंदिर: 5 मंडप के खंभे तैयार



**अयोध्या: अयोध्या** में बन रहे श्रीराम मंदिर का नया वीडियो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर न्यास ने जारी किया है। इसमें 5 मंडप के खंभे तैयार दिखाई दे रहे हैं। साथ ही दीवारों पर उकेरी गई देवमूर्ति और नक्काशी को कारीगर फाइनल टच देते दिख रहे हैं। वीडियो 43 सेकेंड का है। इसे ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने गुरुवार को ट्वीट किया। इसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा कि हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहिं सुनहिं बहुबिधि सब संता॥ रामचंद्र के चरित सुहाए। कलप कोटि लगि जाहिं न गाए॥ वीडियो के बैकग्राउंड में रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम भजन चल रहा है। इसमें पहले शॉट में राम मंदिर के भव्य दृश्य को दिखाया गया है। दूसरे में कलाकार मूर्ति पर नक्काशी करते दिख रहे हैं। तीसरे में गर्भगृह दिख रहा है। चौथे में गर्भगृह के अंदर की नक्काशी दिखाई गई है।

इनॉगरेशन के लिए पीएम से मांगी डेट्स: श्रीराम मंदिर में राम लला की प्रतिष्ठा जनवरी 2024 में होगी। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को औपचारिक न्योता भेज दिया है। ट्रस्ट के सदस्य ने इसकी पुष्टि की है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राम मंदिर ट्रस्ट करीब 10 हजार लोगों को आमंत्रण भेजेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक, हमने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर औपचारिक रूप से न्योता दिया है। इसमें 15 जनवरी से 24 जनवरी 2024 के बीच की डेट्स दी गई हैं।

### उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का राज्य, जलमार्ग परिवहन की अपार संभावनाएं

## गठित होगा यूपी अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण : सीएम



**लखनऊ: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विमर्श किया और अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने जलमार्ग प्राधिकरण के गठन का ऐलान करते हुए अधिकारियों को इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में जलमार्ग परिवहन का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है। अन्तदेर्शीय जल परिवहन में यात्रियों और कार्गो दोनों के लिए परिवहन के एक साधन के रूप में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। हमें इसे विस्तार देना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का प्रदेश है। यहां अधिकांश नदियों में हर समय पर्याप्त जल उपलब्ध रहता है। प्रदेश में जल परिवहन की प्राचीन परंपरा रही है। एक समय था कि जब अयोध्या की राजकुमारी जलमार्ग से ही दक्षिण कोरिया गई थीं। बदलते समय के साथ इस सेक्टर को उपेक्षित कर दिया गया। प्रदेश में जलमार्गों के सृजन, विकास और उन्हें यातायात एवं माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। इसे नियोजित रूप देते हुए प्रदेश में अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन किया जाना चाहिए। इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अन्तदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अन्तदेर्शीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित समस्त गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगा।

## ईडी निदेशक एसके मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने को 'सुप्रीम' मंजूरी




**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि इसके बाद कार्यकाल बढ़ाये जाने का कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई। सरकार ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की समीक्षा का हवाला देकर ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाये जाने की मांग की, जिस पर जस्टिस गवई ने कहा कि क्या आप ये संदेश नहीं दे रहे कि पूरी एजेंसी नाकाबिल लोगों से भरी है और संजय मिश्रा के बिना काम नहीं हो सकता।

## खबर संक्षेप

### रहस्यमय ढंग से किशोर गायब गुमशुदगी दर्ज

**मऊआइमा।** बैंक गया किशोर रहस्यमय ढंग से गायब हो गया। किशोर के चाचा ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय टोडरमल उर्फ दादूंपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा का कथन है कि उनका 17 वर्षीय भतीजा राज मिश्रा 26 जुलाई को साइकिल लेकर दुगार्गंज के शाखा पंजाब नेशनल बैंक गया था । परन्तु अभी तक घर वापस नहीं लौटा। किन्हीं अन्होनी से सहमे हुए परिजनों में खलबली मची हुई है। गायब किशोर के चाचा ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी करा दिया है।

### आकस्मिक मौत पर विधायिका ने घर जाकर दी सांत्वना

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के घीनपुर निवासी कृष्ण कुमार मौर्या, एंव तिलईबाजार निवासी मद्दीक जोगी की गत दिनों आकस्मिक निधन गई थी। जिसकी खबर सोरांव क्षेत्र की सपा विधायिका गीता पासी को हुई तो वह दोनों मृतकों के घर पहुंच कर शोकुल परिवार को सांत्वना दिए। इस मौके पर डाक्टर राज कुमार राही, गुड्डू मौर्या ,निसार अहमद, हकीम उद्दीन, बृजेश पटेल, जैनुद्दीन आदि मौजूद रहे।

# हैंडपंप पर स्नान कर रहे व्यक्ति के ऊपर बिजली का जर्जर तार गिरने से मौत

## पत्नी की शिकायत पर विद्युत विभाग के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा






अखंड भारत संदेश

**जारी।** गुरुवार सुबह 10 बजे विद्युत उप केंद्र जारी के बरेठियां में जर्जर बिजली का तार टूट कर घर के बाहर हैंडपंप पर स्नान कर रहे एक व्यक्ति के ऊपर गिर पड़ा । जानकारी होने पर आसपास के लोगों ने दौड़ कर बिजली का तार हटाया। तब तक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस पत्नी की शिकायत पर बिजली विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। धर्मराज बिंद के घर के बाहर हैंडपंप के ऊपर से बिजली का तार गया है। हैंडपंप पर 50 वर्षीय धर्मराज बिंद पुत्र नवल किशोर स्नान कर रहे थे उसी समय तार टूटकर धर्मराज के ऊपर गिर गया। जब तक लोग तार को हटाते धर्मराज की मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पत्नी किरण की शिकायत पत्र पर मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### डॉक्टर की जगह एनएम कर रही है स्वास्थ्य केंद्र का संचालन

**उतरांव।** ब्लाक सैदाबाद के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिहा में बुधवार को तकरीबन 11 बजे स्वास्थ्य केंद्र का संचालन डॉक्टर की गैर मौजूदगी में उनकी कुर्सी पर बैठकर एनएम सुषमा रानी कर रही थी। जबकि उनकी ड्यूटी अस्पताल में रूटीन टीकाकरण के लिए लगी हुई थी। वही केंद्र पर तैनात डॉक्टर मौजूद नहीं थे। पूछने एएनएम टाल मटोल कर रही थी। विभिन्न गांवो से आए पांच छह मरीज डॉक्टर के इंतजार में बैठे रहे। कहने के लिए उक्त स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. नेहा सरोज फार्मासिस्ट मनीष वर्मा, एलटी योगेश वर्मा, सीए जय प्रकाश, वार्ड ब्वॉय दीपक शुक्ला आदि कर्मचारियों की नियुक्ति है। जिनमे से फार्मासिस्ट की ड्यूटी कावर यात्रा एवं एलटी की ड्यूटी सीएचसी सैदाबाद व सीए जय प्रकाश सीएमओ ऑफिस में अटैच है। अस्पताल में साफ सफाई की व्यवस्था न होने से गंदगी की भरमार है। अस्पताल के चारो तरफ बड़ी बड़ी घासे उग आई है। जिससे जहरीले जंतुओं का भय बना रहता है। परिसर में बने शौचालय भी बदहाल स्थिति में पहुंच गया है।फिलहाल मोतिहा स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति दयनीय होने के साथ मरीजों का इलाज राम भरोसे चल रहा है।

## न्यूज झरोखा

### नमामि गंगे पेयजल स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**करछना।** प्रयागराज विकास खंड करछना में गुरुवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय जन जागरूकता का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकताओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई बताया गया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत प्रत्येक घर हर घर जल हर घर नल योजना के अंतर्गत जोड़ने की सरकार की मूहिम में सभी का योगदान जरूरी है प्रधानमंत्री का सपना है कि 2024 तक सभी ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों को उनके घरों में पेयजल के लिए नल से जल की उपयोगिता उनके घर पर मौजूद हो इसके तहत उत्तर प्रदेश सरकार नमामि गंगे योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन आदि ऐसे योजनाओं के माध्यम से स्वच्छ जल मुहैया कराने के लिए तत्पर है इसी कार्यक्रम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें एडीओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर आए हुए लोगों को गांव में जाकर एक संदेश देने के लिए रवाना किया जिसमें प्रशिक्षक संतोष दुबे अजय शंकर मिश्रा जितेन कुमार कौशल तथा अन्य टीम के सहयोगी उपस्थित रहे बैठक में ब्लॉक के कर्मचारी एवं सचिव एडीओ आईएसबी सहित ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

### शिक्षक चौपाल के माध्यम से दी गई जानकारी




**जसरा।** विकास खण्ड जसरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बीकर में खण्ड शिक्षा अधिकारी जसरा अखिलेश वर्मा ने चौपाल लगाकर अभिभावकों को संबोधित किया। वक्तव्य में बताया कि किस प्रकार से विद्यालय में बच्चों का ठहराव सुनिश्चित होगा। निपुण लक्ष्य हासिल करने में जनसमुदाय की भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की। प्रत्येक अभिभावकों के कर्तव्यों को भी समझने पर बल दिया। चौपाल में मुख्य रूप से एआरपी सतीश कुशवाहा, प्रमोद मिश्रा, गिरीश सिंह, जितेंद्र मिश्रा, होरीलाल दिवाकर, रेखा देवी ग्रामप्रधान, अतुल कुमार सिंह अध्यक्ष, रामचन्द्र सिंह पटेल, प्रधानाध्यापक सुनील गौतम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### नारायण आजिविका समूह की स्वेता सिंह नरैना नेवादा की खाद्यान्न वितरक हुईं निर्वाचित




**करछना।** विकास खण्ड करछना के (नरैना) नेवादा गांव में वर्षों से कोटेदार का पद खाली चल रहा था ।जिसे लेकर दो माह पूर्व तारीख तय की गयी थी ।किंतु अधिकारियों-कर्मचारियों के न पहुँचने से चयन प्रक्रिया नही हो सकी थी ।वही पुनः तारीख का निर्धारण होने पर गुरुवार को जिले से घोषित नामित पशु चिकित्साधिकारी प्रयागराज के न पहुँचने पर सहायक विकाश अधिकारी आईएसबी करछना उदयभान,बीओ पीआरडी संतोष सिंह, ब्लाक मिशन प्रबंधक आदित्य कुमार तिवारी,सचिव दीपेश सिंह व ग्राम प्रधान रेनू गौतम की मौजूदगी में आवश्यक कोरम पूरा कर मतदान कराया गया ।जिसमें नारायण आजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य व प्रत्याशी श्वेता सिंह 350 मत पाकर विजयी घोषित की गयी ।जबकि दूसरे स्थान पर ज्वालामुखी आजीविका स्वयं सहायता समूह की मधु देवी को मात्र 39 मत प्राप्त हुआ ।जिस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व सुरक्षा की दृष्टि से करछना समेत विभिन्न थाने की फोर्स मौजूद रही।

### पशु चिकित्साधिकारी का डाक्टर व फार्मासिस्टों ने किया भव्य विदाई समारोह




**जसरा।** राजकीय पशु चिकित्सालय जसरा में सात वर्षों से कार्यरत रहे पशु चिकित्साधिकारी डा०सुनील कुमार मिश्र का स्थानांतरण प्रतापगढ़ के लिए हो जाने पर तहसील बारा के सभी डाक्टर व फार्मासिस्ट ने भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीवीओ डा०दिलीप सिंह ने कहा कि डाक्टर साहब ने अपने पूरे कार्यकाल में जिस तरह से पूरी निष्ठा व मेहनत के साथ लोगों के सुख दुःआ में साथ रहे उसे भुलाया नहीं जा सकता। फार्मासिस्ट आरबी सिंह ने कहा कि डाक्टर साहब के सम्पर्क में रहकर बहुत कुछ सीखने को मिला। भविष्य में इनका आशीर्वाद प्राप्त होता रहे। इस अवसर पर जसरा के डाक्टर एस के सिंह,पशु चिकित्साधिकारी चिल्ला गोहानी डा०नीलम सिंह,इन्द्रजीत सिंह,ज्ञान सिंह,राम अचल पाल,कौशल यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### बारिश न होने से सरकारी नलकूपों पर पानी के लिए किसानों में विवाद बढ़े



**करछना।** प्रयागराज जनपद के जमुनापार में मौसम की बेरुखी से विगत 2 माह से बारिश की आंख में मिचौल के चलते किसानों में धान रोपाई को लेकर मारामारी मची है नहरों में कहीं पानी नहीं है तो सरकारी स्कूल नलकूप खराब पड़े हैं जिन राजकीय नलकूपों पर सैकड़ों बीघा की सिंचाई होती थी उन नलकूपों पर धान की रोपाई के सीजन में 15 से 20 बीघे सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं किसान जिसको लेकर किसानों में आपस में पानी की जद्दोजहद को लेकर टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है ताजा उदाहरण विकासखंड करछना के खाई गांव में राजकीय नलकूप से पानी लगाने वाले आए दिन आपस में लड़ रहे हैं? किसान यहां तक की मारपीट की नौबत उत्पन्न हो रही है 2 दिन पहले पानी को लगाने को लेकर दो पंछे के लोग आपस में लड़ गए जिसको सुलझाने के लिए ग्राम पंचायत की सिंचाई समिति द्वारा मामले को सुलझाया गया प्रधान प्रतिनिधि अजीत पांडे ने मामले को सुलझा कर किसानों को नियमानुसार नंबर से पानी दिए जाने की बात पर सहमति बनी यही हाल विकासखंड के प्रत्येक गांव में धान की रोपाई के लिए पानी के लिए सरकारी राजकीय नलकूपों पर मारामारी मची हुई है मौसम की बेरुखी से विगत 2 माह से किसानों को प्रकृति का पानी खेतों को नसीब नहीं हुआ जिसको लेकर किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हो रही है।

## मोबाइल शाप की शटर काट कर चोरों ने लाखों के मोबाइलों पर किया हाथ साफ

### नेशनल हाईवे के निकट न्यू फैसल मोबाइल शाप पर हुई बड़ी चोरी की घटना को चोरों ने दिया अंजाम, सीसी कैमरा तोड कर रिकार्डिंग बाक्स साथ ले गये

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना पडाव चौराहे पर स्थित नेशनल हाईवे पर बीती रात चोर कार से आए ।तथा थोक, फुटकर मोबाइल की दुकान का शटर काट कर लाखों का कीमती मोबाइल चोरी कर ले गए। चोरों की दिलेरी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह सीसी कैमरा का तार काट कर रिकार्डिंग बाक्स भी उठा ले गए। सुबह चोरी की घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच कर जायजा लेकर चली गई। दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा के ग्राम सुलतानपुर खास नेशन हाईवे पर बीती रात कार से आए चोरों ने न्यू फैशल मोबाइल शॉप की दुकान का शटर काट कर दुकान के अन्दर घुस गए तथा दुकान में रखे कीमती नये मोबाइल और अन्य उपकरणों सहित लगभग ग्यारह लाख रुपये के सामानों की चोरी कर ले गए। गुरूवार को सुबह जब दुकानदार टीपू सुल्तान पुत्र मोहम्मद मकबूल पहुंचा तो देखा तो दुकान का शटर टूटा है, सीसी कैमरे का तार कटा हुआ है तो वह इसी सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने पर दुकानदार ने जब दुकान खोला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। सीसी कैमरों का तार कटा था। और रिकार्डिंग बाक्स भी चोर उठा ले गए। दुकानदार टीपू सुलतान ने अज्ञात चोरों द्वारा साढे दस लाख के नये कीमती मोबाइल और अन्य उपकरण चोरी होने की तहरीर दी है। बताया गया है कि इसी दुकान में 1 जून 2020 को लाखों की चोरी हो चुकी है। बताया गया है कि बगल दवा के दुकानदार के सीसी कैमरों में चोरों की चार पहिया वाहन एंव कुछ फोटो आयी है जिसका फुटेज पुलिस निकाल कर शिनाख्त कराने में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था।

### बिजली की अंधाधुंध कटौती लो वोल्टेज एवं पंखा न चलने छात्रा बेहोश

**मऊआइमा।** मऊआइमा के कटभर परवेजपुर स्थित एक विद्यालय में इस उमस भरी गर्मी तथा अंधाधुंध बिजली कटौती लो वोल्टेज के कारण कक्ष में पंखा न चलने से कक्षा छह की एक छात्रा बेहोश हो गई। उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा विकास खंड के ग्राम कटभर परमेजपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा काजल पुत्री ग्रीस चन्द्र ग्राम कटभरपरमेजपुर बुधवार को अचानक कक्ष में बेहोश हो गई। यह देख कर शिक्षकों के हाथ पैर फूल गए । वह तत्काल गांव के समीप एक डाक्टर के पास ले गए। उपचार के बाद अभिभावकों को सौंप दिए। शिक्षकों ने बताया कि छात्रा की हालत ठीक है। अधिक गर्मी से बेहोश हो गई थी।

## बीआरसी शंकरगढ़ में 35 दिव्यांग बच्चों को दिया गया मेडिकल सर्टिफिकेट

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** ब्लाक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ में गुरुवार को आयोजित मेडिकल असेसमेंट कैंप में 35 बच्चों को दिव्यांगता प्रमाणपत्र निर्गत किया गया। मेडिकल कैंपमें पीएच (फिजिकल हैंडीकैप), वीआई (दृष्टिबाधित) और एमआर (मानसिक मंदित) श्रेणी के बच्चों की जांच की गई। जांच के उपरांत बच्चों के दिव्यांगता प्रतिशत के आधार पर प्रमाणपत्र जारी किया गया। बीईओ रामऔतार ने बताया कि विकास खंड शंकरगढ़ के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट श्रेणी के बच्चों को मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदान करने के लिए गुरुवार को बीआरसी परिसर में मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसके लिए 55 बच्चों ने नामांकन किया था। नामांकन के सापेक्ष आज 35 बच्चों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। बीईओ ने सभी अभिभावकों से कहा कि वह दिव्यांग श्रेणी के बच्चों के साथ सामान्य बच्चों की ही तरह व्यवहार करें, ऐसे बच्चों में किसी भी प्रकार की हीन भावना न आने पाए। इन बच्चों को नियमित स्कूल भेंजे और इनकी क्षमता को पहचानें। मेडिकल कैंप संपन्न कराने में आर्थोपेडिक डा. वेदप्रकाश पांडेय, मनोचिकित्सक डा. अनिरुद्ध सिंह, डा. जयशंकर पटेल, आडियो लाजिस्ट संकल्प शुक्ल, आई सर्जन डा. सुभाषचंद्र, फिजियो थेरेपिस्ट डा. राजेंद्र यादव का पैनल शामिल रहे। इसके अलावा रामसूरत, सुदर्शन पटेल, शुभांक पांडेय, सचिन कुमार, वीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह समेत स्पेशल एजुकेटर भी मौजूद रहे।

## घर में छुपे सर्प का रेस्क्यू करने वाले लालजी पटेल खुद सर्प दंश का शिकार हो गए



अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के कालू का पूरा गांव निवासी लालजी पटेल बीते 10 वर्षों से जहरीला जंतु पकड़ कर जंगल में छोड़ने का काम करते थे। बुधवार दोपहर के वक्त गांव के ही रामसहाय के घर में कोबरा सर्प घर के एक कोने में बैठा हुआ था। लोगों की शोर-शराबा सुनकर लालजी पटेल भी मौके पर पहुंचे और घर के कोने में बैठे सर्फ को पकड़ कर एक डिब्बे में कैद कर लिया। थोड़ी देर बाद ग्रामीणों को दिखाने के लिए घर के बाहर डिब्बे के ढक्कन को खोल दिया। उसी बीच कोबरा सर्प लालजी के पैर में डस लिया। जलन उठने पर लालजी ने पुनः सर्फ को पकड़कर डिब्बे में रखा और घर जाकर सर्प द्वारा डसे हुए स्थान पर जड़ी बूटी की दवा लगाई लेकिन देर शाम तक आराम नहीं हुआ। जिसे देख परिजनों ने आनन-फानन में मेजा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गए। जहां आराम न होने पर जिले के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में ही लाल जी की मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मच गया।

### बच्चे को टीकाकरण के 11 घंटे बाद मौत से हड़कंप



**करछना।** थाना के बस्तर गांव में पेंटा का वैक्सीन लगाने के 11 घंटे बाद चार माह के मासूम की मौत हो गई। बता दे कि बुधवार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वा में नियुक्त एएनएम संदीपा देवी की संयुक्त टीम द्वारा पेंटा का टीका लगाने के लिए बस्तर गांव में कैंप लगाया गया था। इस दौरान कैंप में कुल सात बच्चों को टीका लगाया गया। टीका लगाने के 11 घंटे बाद गांव के ही धीरज भारतीया का चार माह का बेटा अभिराज की हालत बिगड़ गई। जिसे घरवालों ने पास के अस्पताल में उपचार के लिए ले गए,लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर शव पोस्टमार्टम भेज दिया थाना प्रभारी नरेंद्र प्रसाद का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट आने पर स्थिति स्पष्ट हो जायेगी उसके बाद ही कार्रवाई होगी।

### ग्राम प्रधान पर शौचालय निर्माण में लाखों के घोटाले की शासन प्रशासन से की गई शिकायत

**दो हजार लेकर 12 हजार शौचालय निर्माण के लिए वसूली का आरोप**

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खण्ड के ग्राम सभा घीनपुर के ग्राम प्रधान पर शौचालय निर्माण के नाम पर लाखों रुपये हजम करने की शिकायत शासन , प्रशासन से की गई है ।आज भी खुले में शौच को जाते हैं ग्रामीण ।स्वच्छ भारत मिशन की उड रही हैं धज्जियां। ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा के ग्राम सभा धीनपुर के ग्राम प्रधान हमेशा से सुर्खियों रहे हैं। बताते हैं गत दिनों ग्राम सभा को नगर पंचायत का दर्जा स्वंय देकर लिखवा दिए थे। अफसरों के फटकार के बाद मिटाया गया। अब स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर सैकड़ों शौचालयों के गबन करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। आरोप है कि बारह हजार शौचालय के नाम पर पास कराने के लिए दो दो हजार रुपये सभालाल, चन्द्र मोहन, मनोज कुमार, सोनू, हरिलाल आदि ऐसे सैकड़ों लोगों से धनादोहन किया गया। इसके अलावा गांव में जवाहर लाल, सुभाषचंद्र, राम अभिलाष, लल्लू आदि सैकड़ों लोगों के यहां शौचालय आज तक नहीं बने ।खुले में शौच करने के लिए आज भी लोग विवश हैं। जहां महिलाओं को बडी शर्मिन्दगी झेलनी पड़ती है। पेट खराब होने पर दिन में इधर उधर बैठने को विवश हैं। सबसे अधिक दिक्कतों का सामना दुर्गावती इंटर कालेज, एम एस पब्लिक स्कूल, केजी इंटरकालेज, संस्कार भारतीय कालेजों के छात्र छात्राओं को उठानी पडती है । बताते हैं कि सडक के निकट लोग शौचालय कर देते हैं जिससे छात्र छात्राओं को गंदगियां लग जाती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान ने खुले में शौचालय मुक्त का प्रमाणपत्र लेकर अपनी पीठ स्वंय थपथपा ली। जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल उल्टा है। स्वच्छ भारत मिशन को थेंगा देखाते हुए आज भी धीनपुर ग्राम सभा में ग्रामीण खुले में शौच जाने को विवश हैं। शौचालय निर्माण के नाम पर लाखों रुपए हजम करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, सीडीओ से की है। ग्रामीणों का आरोप है कि तमाम शिकायतों के बावजूद जब कोई अधिकारी ग्राम सभा में जांच करने आता है तो ग्राम प्रधान उसकी पूजा करके अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवा लेते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे विकास खंड में सबसे जगलर ग्राम प्रधान धीनपुर को अव्वल माना जाता है।



## यातायात के समय सड़क के नियमों का पालन जरूरी : मनीष

**यातायात जागरूकता निबंध प्रतियोगिता में पवन रहे अव्वल**

**करछना।** आजकल सड़कों पर वाहनों की व्यस्तता बढ़ती जा रही है ।ऐसे में आवागमन के समय हमें सड़क के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। इसके प्रति अपने घर और आसपास के लोगों में भी जागरूकता पैदा करने में बच्चे अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित,सड़क सुरक्षा और हमारा दायित्व नामक निबंध प्रतियोगिता के दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। प्रवक्ता मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और शिक्षक विजय सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात सप्ताह के तहत नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। इस दौरान सांस्कृतिक सभागार में प्रवक्ता जितेंद्र कुमार की देखरेख में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 55 बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कक्षा 11 विज्ञान वर्ग के छात्र पवन जायसवाल प्रथम रहे और इसी कक्षा के हर्ष प्रताप सिंह को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने मेडल द्वारा सम्मानित करते हुए उनकी सराहना की ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

## उरुवा में शिक्षा चौपाल की बैठक संपन्न

### बैठक में जनपद से एआरजी सुनील तिवारी एवं ब्लॉक के सभी एआरपी ने किया प्रतिभाग




अखंड भारत संदेश

**मेजा।** विकास खण्ड उरुवा,प्रयागराज में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा माह जुलाई की तीसरी और अंतिम शिक्षा चौपाल ग्राम पंचायत मिश्रपुर में एआरजी सुनील तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। चौपाल का शुभारम्भ माँ वीणावदिनी को दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर के बच्चों द्वारा कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। चौपाल में सभी अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए एआरपी सुनील कुमार शुक्ल ने उपस्थित अभिभावकों और जनसमुदाय को विद्यालय और उनके बच्चों के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराया तथा उनसे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजनें की अपील की और विश्वास दिलाया कि यदि आप अपने बच्चों को हमारे विद्यालयों में प्रतिदिन स्कूल भेजते हैं तो हमारे शिक्षक उन्हें इस तरह विकसित करेंगे कि किसी भी कान्वेंट या पब्लिक स्कूल का बच्चा गुणवत्ता में उनके मुकाबले नहीं होगा। उन्होंने इस हेतु सभी अभिभावकों से वादा भी लिया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा अभिभावकों को निपुण मिशन,मिशन कायाकल्प और डीबीटी इत्यादि के भी बारे में बताया गया। अपने सम्बोधन में एआरजी सुनील तिवारी द्वारा पहले एक प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया और उसके पश्चात उनके द्वारा विभिन्न प्रेरक उद्धरणों के माध्यम से अभिभावकों को उनके कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। चौपाल में इसी प्रकार सभी एआरपी क्रमशः राजेश मिश्र, प्रीतम दास, विमलेश यादव द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गए। कार्यक्रम के अन्त में चौपाल के आयोजक इ.प्र.अ.प्राथमिक विद्यालय मिश्रपुर प्रदीप पाल द्वारा सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर चौपाल समाप्ति की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा इकाई के मंत्री संदीप पाण्डेय, कैलाश, आलोक उपाध्याय एवं विभिन्न ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। ध्यातव्य है कि इसके पूर्व विकास खण्ड उरुवा में दिनांक 25 जुलाई को ग्राम पंचायत पट्टीनाथ राय और दिनांक 26 जुलाई को ग्राम पंचायत चौकठा तिवरियान में इसी प्रकार शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया था।

संपादकीय

## अब सार्थक बहस हो एवं संसद सुचारु चले

विपक्षी गठबंधन “इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस” (इंडिया) ने मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लेकर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता, नासमझी एवं विवेकहीनता का ही परिचय दिया है, यह प्रस्ताव स्वीकार भी हो गया। अब प्रतीक्षा है उस पर बहस की। आइएनडीआइए भले ही अविश्वास प्रस्ताव को अपनी जीत समझ रहा हो और यह मानकर चल रहा हो कि उसे संसद में अपनी एकजुटता एवं ताकत दिखाने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक तो इस प्रस्ताव का गिरना तय है, दूसरा विपक्षी एकता एवं शक्ति के दावे भी खोखले साबित होने है। जब प्रस्ताव का गिरना पहले से ही तय है तो क्यों विपक्ष अपनी किरकिरी कराने पर तूली। विपक्षी दलों का मणिपुर पर प्रधानमंत्री के वक्तव्य की अपनी मांग पर अडे.रहना भी हास्यास्पद है। क्योंकि प्रधानमंत्री ने पहले ही मणिपुर के हालात पर क्षोभ व्यक्त करते हुए संसद भवन परिसर में कहा था कि यह घटना किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाली है और इससे पूरे देश की बेइज्जती हुई है। बावजूद विपक्ष की जिद्द इसलिये भी बचकानी एवं बेहूदी कही जायेगी क्योंकि कोई भी मामला जिस मंत्रालय संबंधित होता है, उसके ही मंत्री को उस पर वक्तव्य देना होता है।

सोचने वाली बात है कि विपक्ष यदि वास्तव में मणिपुर पर दुःखी होता तो चार दिन संसद का काम रोक कर न तो नारेबाजी और न हठधर्मिता में अपनी ऊर्जा खपा रहा होता और न ही गृह मंत्री को सुनने से इन्कार कर रहा होता। विपक्षी दलों की चिंता मात्र एक दिखावा ही अधिक प्रतीत हुई है। विपक्ष का चेहरा जनता के सामने बेनकाब हुआ है, जो कुछ बाकी रहा है प्रधानमंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में उसे उघाड़ देंगे, इस नए गठबंधन की कथित एकजुटता की पोल भी खोल ही देंगे और उसकी आपसी खींचतान को भी उजागर कर ही देंगे।

विपक्षी गठन इंडिया के गठन के बाद वे कितने राजनीतिक रूप से शक्तिशाली हुए है और प्रधानमंत्री को चुनौती देने की स्थिति कितने सक्षम बने हैं, इन स्थितियों का भी पदार्पाश होगा। बात जब तीर से निकली है तो दूर तक जायेगी, अविश्वास प्रस्ताव की बहस केवल मणिपुर तक सीमित नहीं रहने वाली, क्योंकि हालिया पंचायत चुनावों के दौरान बंगाल में जो भीषण हिंसा हुई, कोई भी उसकी अनदेखी नहीं कर सकता-मोदी सरकार तो बिल्कुल भी नहीं। यह सही है कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर विपक्ष ने अपने इस उद्देश्य को हासिल कर लिया कि मणिपुर के मामले में प्रधानमंत्री को सदन में बोलना ही पड़ेगा, लेकिन उसने उन्हें अपनी राजनीतिक हठधर्मिता को बेनकाब करने का अवसर भी दे दिया है। एक तरह से अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी चला दी है।

यह पूरे देश की जनता को मालूम है कि इस अविश्वास प्रस्ताव से मोदी सरकार को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इसके पास अपने बूते पर सदन में जबर्दस्त बहुमत है और 538 की वर्तमान सदस्य संख्या वाली लोकसभा में भाजपा व इसके सहयोगी दलों के 332 सांसद हैं जबकि इंडिया दलों के 142 व निरपेक्ष या संकट के समय मोदी सरकार का साथ देने वाले दलों के सदस्यों की संख्या 64 है। यह अविश्वास प्रस्ताव सांकेतिक है और इस बात का प्रयास है कि इसके माध्यम से विपक्षी गठबन्धन देश के लोगों के बीच अपने समर्थन में “जन-अवधारणा” का निर्माण कर सके। लेकिन विपक्षी दलों का यह न्यूसेंस भरा ध्येय अधूरा ही रहने वाला है। अविश्वास प्रस्ताव संसदीय लोकतन्त्र में प्रायः सरकारों के खिलाफ जन अवधारणा सृजित करने के लिए ही लाये जाते हैं क्योंकि भारत के संसदीय इतिहास में अब तक 28 अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें केवल तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें इनके माध्यम से सत्ता से बेदखल की गई हैं।

मोदी सरकार अपने इस कार्यकाल में पहली बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना कर रही है, इसके पहले 2018 में भी मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, तब भी उसे पराजय का सामना करना पड़ा था और उस समय ही मोदी ने भविष्यवाणी करते हुए कहा था कि 2023 में फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने का आपको मौका मिले” मौका तो विपक्ष को मिल ही गया है, पिछली बार की तरह इस बार भी ऐसा ही सुनिश्चित सा दिख रहा है, कि प्रस्ताव औधे मूंह गिरेगा। हालांकि लोकतंत्र के सर्वोच्च मंच संसद पर सत्ता पक्ष और विपक्ष की ऐसी रस्साकशी कोई नई बात नहीं है। इसे स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण भी कहा जा सकता है। लेकिन इस तरह की कवायद एवं मंथन से जनता के हित में कुछ निकलना चाहिए, वह निकलता हुआ दिख नहीं रहा है। मणिपुर में जिस तरह के दृश्य पिछले दिनों देखने को मिले, उसके मद्देनजर इस तरह की रस्साकशी की बजाय सार्थक बहस का माहौल बनाकर समस्या के समाधान का रास्ता निकला जाता तो वह आशा की किरण बनता। बेहतर तो यही होता कि विपक्ष और सरकार आपस में बातचीत से सहमति की कोई सूरत निकाल कर मणिपुर पर विस्तृत चर्चा कर लेते और इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव की नौबत न आती।

अविश्वास प्रस्ताव से तीन बार ही सत्तारूढ़ सरकारें सत्ता से बेदखल की गई हैं। इनमें सभी सरकारें गठबंधनों की खिचड़ी सरकारें थीं और एक बार 1999 में तो अटल बिहारी वाजपेयी की साझा सरकार केवल एक वोट से ही गिर गई थी। जबकि इससे पहले 1990 में वीपी सिंह की “दो खड़ाऊ” भाजपा व वामपंथियों के समर्थन पर खड़ी सरकार बुरी तरह लोकसभा में हार गई थी और 1997 में कांग्रेस के समर्थन पर टिकी देवेगौड़ा सरकार का हश्र भी ऐसा ही हुआ था। मगर मोदी सरकार में तो भाजपा के ही 301 सांसद हैं। अब जबकि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस होना निश्चित हो गया है तो यह बहस लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित एवं सार्थक बहस हो। आदर्श मूल्यों की वाहक बने। मणिपुर जैसी जटिल समस्या के साथ अन्य समस्याओं के समाधान की प्रेरक बने।

# अब आएगा आनंद संसद में ! सलाम तरुण कांग्रेसी गौरव को

**के. विक्रम राव**

बेजान होती सोनिया-कांग्रेसी विपक्ष की सांसे लौट आयीं। श्रेय जाएगा असमिया लोकसभाई गौरव गोगोई को। इस 40-वर्षीय युवा कांग्रेसी ने अपनी 138-वर्षीय पार्टी को ऑक्सीजन दे दिया। उनके स्व. वकील पिता तरुण गोगोई असम के 15-वर्षों तक मुख्यमंत्री रहे। इतनी लंबी अवधि तक के एकमात्र। प्रतिपक्ष का प्रस्ताव भले ही पौने दो सौ वोटों से खारिज हो जाए (329 बनाम 142 सांसद), मगर यह कदम मौजूदा शुष्क सियासत को रुचिकर और रसवंत बना देगा। कवियित्री सुभद्रा कुमारी चौहान की अमर रचना “झांसी की रानी” की पंक्ति को फेर कर पेश करें : “बूढ़ी कांग्रेस में आयी फिर से नई जवानी थी” हालांकि 53-वर्षीय अधवैसी राहुल गांधी और उनकी 51-वर्षीया अनुजा प्रियंका को यह उपयोगी राजनीतिक अनुभव देर से प्राप्त हो रहा है।

मगर कहीं कांग्रेसियों को चुनावी चारा इसमें न दिखने लगे जैसा सितम्बर 1999 में हुआ था। मोदी कभी रणछोड़ नहीं होंगे, भले ही यह नाम गुजरात से ही आया है, क्योंकि मथुरा से भागकर कृष्ण द्वारका चले गए थे, मगधपति जरासंध के खौफ से। संसद में मोदी मोर्चा लेंगे। उनकी प्रगति की द्रुतगति को अटल बिहारी वाजपेयी तक अवरुद्ध नहीं कर पाए थे। तो अब किसकी मजाल है ? गौरव गोगोई लोकसभा में कांग्रेस दल के उपनेता हैं। बड़बोले पार्टी नेता सत्तर-साल के अधीर रंजन चौधरी से कई गुना बेहतर वक्ता तथा चिंतक भी। गौरतलब बात है कि अमेरिका में शिक्षित गौरव और उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न नृत्य के बड़े प्रेमी हैं।

मौजूदा लोकसभा में प्रस्तुत अविश्वास प्रस्ताव पर सोनिया-कांग्रेस वह तिकड़म नहीं कर सकेंगी जो अटल सरकार के समय 1999 में किया था। उस वक्त राजग की सरकार मात्र एक वोट से गिर गई थी। अन्नाद्रमुक नेता और तमिलनाडु की


नरेंद्र मोदी



गौरव गोगोई

मुख्यमंत्री जयललिता ने अटल सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। तब लोकसभा में मतदान पर सोनिया-कांग्रेस ने बड़े अनैतिक और अनियमित तरीके से राजग की सरकार गिराई थी। वह घृणित और शोचनीय था। ओडिसा के कांग्रेसी मुख्यमंत्री गिरिधर गोमांग ने राज्य विधानसभा में एक ओर तो मत-विभाजन में भाग लिया था। मगर अपनी लोकसभाई सदस्यता बनाई रखी थी। जब संसदीय वोटिंग हुई तो इस मुख्यमंत्री ने अटल सरकार के विरुद्ध वोट दिया। उनके ही एक वोट से राजग सरकार चली गई। सदन के अध्यक्ष जी.एम.सी. बालयोगी (तेलुगू देशम पार्टी) ने भी इस मुख्यमंत्री को सदन से निकाला नहीं। उसी क्षण सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री बनने का प्रयास किया था। शायद वे बन भी जाती। मगर बाद में मुलायम सिंह यादव ने सोनिया को प्रधानमंत्री बनने में समर्थन नहीं दिया। हालांकि उन्होंने राजग के विरुद्ध सदन में वोट दिया था। भारत इस यूरेशियायी महिला की गुलामी से बच गया।

अगले सोमवार के दिन मोदी सरकार के विरुद्ध पेश होने वाला प्रस्ताव लोकसभा के इतिहास में 27वां होगा। मगर पिछले 15 वर्षों में पहला। आश्चर्य है कि सोनिया-कांग्रेस गत नौ सालों में मोदी के खिलाफ एक निंदा प्रस्ताव भी नहीं ला पाई। इसीलिए सोशलिस्ट नेता डॉ. राममनोहर लोहिया का कथन स्मरणीय रहता है कि रोटी की तरह सरकार को भी उलटना पलटना चाहिए। वर्ना रोटी जल जाती है। सरकारें निरंकुश हो जाती हैं। याद रहे जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ अविश्वास का प्रस्ताव पहली बार 1963 में पेश हुआ था, आजादी के 16 सालों बाद। तभी लोहिया भी कन्नौज से उपचुनाव में लोकसभा पहुंचे थे। अमरोहा से निर्वाचित आचार्य जेबी कृपलानी इसके प्रस्तावक थे।

भारतीय संसद में नेहरू सरकार के विरुद्ध पेश प्रथम अविश्वास प्रस्ताव पर डॉ. लोहिया के भाषण में कई तथ्य उल्लिखित हैं।कहीं प्रधानमंत्री अहंकारी न हो जाए ! अतः ऐसे खास आधारभूत कारण आवश्यक होते हैं। इस प्रथम अविश्वास प्रस्ताव के पीछे एक खास घटना भी थी। संसद में नेहरू का आतंक इसका विशेष कारण था। एक बार वरिष्ठ प्रजा सोशलिस्ट सांसद प्रो. हेम बरुआ के प्रश्न के उत्तर में पं. नेहरू ने अत्यंत रूखे ढंग से कहा : “आप बैठ जाओ इससे अधिक उत्तर नहीं दिया जा सकता है” हेम बरुआ तो बैठ गए। इस अहंकारी जवाब से डॉ. लोहिया तिलमिला गए। उन्होंने कहा : “प्रधानमंत्री नौकर है, सदन मालिक है। नौकर को मालिक को संतुष्ट करना होगा” संसदीय जीवन में पहली बार प्रधानमंत्री को ऐसा सुनना पड़ा। अविश्वास प्रस्ताव आचार्य कृपलानी ने प्रस्तुत किया था। लोहिया एक घंटा बोले थे। समय की सीमा थी, सदस्यों ने अपना समय देकर लोहिया को विस्तार से बोलने का अवसर दिया था। नेहरू कागज व कलम लेकर लोहिया के भाषण को नोट कर रहे थे। नेहरु की अज्ञानता का उपहास करते हुए लोहिया ने कहा : “हजारों एकड़ जमीन बेकार पड़ी है जिसे जोत कर खेती लायक बनाया जा सकता है, किंतु प्रधानमंत्री ने नया नुस्खा दिया है : गमले में खेती करो। मकान की छत पर खेती करो” संपूर्ण सदन हंस दिया। नेहरू की अज्ञानता पर यह जबरदस्त हमला था। लोहिया ने कहा प्रधानमंत्री के कुत्ते पर आठ रुपए प्रतिदिन खर्च होता है, जबकि 27 करोड़ लोग की आमदनी तीन आने रोज है” तो सदन स्तब्ध हो गया। नेहरू ने उत्तर देना चाहा तो लोहिया ने यह कहकर कि खेती और कल कारखाने का ज्ञान आपको बहुत कम है, नेहरू को बिठा दिया। एक बार फिर नेहरू ने जब अपनी बात कही चाही तो लोहिया ने कहा : “जिस अर्थशास्त्री ने आपको नोट दिया है, वह गलत है। बहुत पछताओगे” अविश्वास प्रस्ताव पर लोहिया के ऐतिहासिक भाषण पर पूरा संसद मंत्रमुग्ध था। यहां तक कि कांग्रेसी भी प्रसन्न थे। डॉ. लोहिया ने उनकी भावना जान ली थी इसीलिए उन्होंने कहा : “मेरे विरोध में और इस सरकार के समर्थन में वह चाहे जितनी तालियां बजाए किन्तु घर जाकर वे कहेंगे कि लोहिया ने खूब भाषण दिया। उसने हमारे दिल की बात कह दी”

अब लोकसभा में जवाहरलाल नेहरू और राममनोहर लोहिया सरीखे कद्दावर नेता और वक्ता रहे नहीं। अतः मौजूदा लोकसभा में इस प्रथम अविश्वास प्रस्ताव पर वादविवाद कितना प्रभावी होगा, यह अत्यंत श्रवणीय, दिलचस्प और देखने लायक रहेगा। टीवी शो अत्यधिक लुभावना होगा।

# लोकशाही बना रहे मणिपुर ! नेहरू-युगीन अजायबघर नहीं !!

**के. विक्रम राव**

मणिपुर घाटी में रिसते लहू की छीटों से ढाई हजार किलोमीटर दूर संसद भवन अभी लाल नहीं हो पाया ! कारण ? वहां लोग पड़ताल कर रहे हैं कि कितना रक्त मैतेई का है, कितना चिन-कूकी का, कितना नगा का ? मणिपुर का नाम कौन ले रहा है ? मगर राजधानी इंफाल में एक महाराज हैं नोंगथंबन बीरेन सिंह। दुबारा मुख्यमंत्री बने हैं। अबकी भाजपा के। इसके पहले सोनिया-कांग्रेस (2007) के थे। उसके पूर्व वे उग्रवादी वामपंथी थे। उनकी पार्टी का नाम बड़ा लंबा था : लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जनवादी पार्टी (2002 में)। फिर सोनिया-कांग्रेस में भर्ती होते ही उन्होंने बुजुर्ग कांग्रेसी मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह को धोबी पाटा मारा। बाद में भारतीय जनता पार्टी का दामन पकड़ा। वहां भाजपाई मददगार विश्वजीत सिंह को ही काटा। उनको गिरा कर खुद मुख्यमंत्री बने। बीरेन सिंह फुटबॉल खेलते रहे। डूरंड कप के लिए भी खेले थे। फिर सीमा सुरक्षा बल में जवान चयनित हुए। बीच में छोडकर पत्रकार बन गए। अपना भाषायी दैनिक “नाहारोल्गी थाउडांग” दैनिक (1992) में प्रकाशित किया। एक दशक तक संपादक रहे। तभी हमारे इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (कत्रहख) की ऑल-मणिपुर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष रहे।

इतना सब होने के बाद भी बीरेन सिंह रहे वही पैदाइशी मैतेई। अर्थात कूकी जाति



कश्मीर सीमा पर शहीद हुये इस जवान को क्या कहेंगे ? कूकी या भारतीय ?



कूकी युवतियों की अस्मिता का संघर्ष।

के शत्रु। हालांकि उनका नारा था : सबका साथ, सबका प्रयास वाला ! यदि अटल बिहारी वाजपेयी आज होते तो बीरेन सिंह को राजधर्म का सबक सिखाते। इस दफा राजनीति, जनजाति, भूगोल और इतिहास के साथ तो इस समूचे अराजक माहौल को अनिष्टकारी बनाने में न्यायतंत्र भी कारण रहा। यह राय है भारत के प्रधान न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की। उन्होंने मणिपुर हाई कोर्ट के उस निर्णय को निरस्त कर दिया था। जिसमें बहुसंख्यक मैतेयी आदिवासी को जनजाति सूची में शामिल करने का निर्देश था। मणिपुर हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति एमवी मुरलीधरन के आदेश (3 मई 2023) के बाद से मणिपुर में असीम अशांति फैली। सुप्रीम कोर्ट ने (17 मई को) मणिपुर हाई कोर्ट द्वारा राज्य सरकार को अनुसूचित जनजातियों की सूची में मेइती समुदाय को शामिल करने पर विचार करने के निर्देश के खिलाफ "कड़ी टिप्पणी" की थी।

खण्डपीठ की राय थी : “हाईकोर्ट ने अपने फैसले में तीन त्रुटियां की थी : प्रथम : यह निर्देश है कि मेतई समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार से सिफारिश करे, यह अनावश्यक था। यह निष्कर्ष निकालना है कि मेतइयों को शामिल करने का मुद्दा लगभग 10 वर्षों से लंबित है, सत्य नहीं है। यह कहना कि मेइती भी जनजाति तथ्यहीन ही हैं”

मणिपुर में अल्पसंख्यक जनजाति के रक्तस्राव के एक प्रकरण का उल्लेख हो। यहां के जिला सेनापति के साइकुल उपखंड के ग्राम माफाऊ के सबइंस्पेक्टर पोटिसेंट गाइट सीमा सुरक्षा बल में जम्मू कश्मीर के रजौरी सेक्टर में तैनात थे। इस्लामी पाकिस्तान के मुस्लिम मुजाहिदीनों ने उन्हें मार डाला। मगर आखिरी सांस लेने के पूर्व अपने कई सिपाही-साथियों को उन्होंने मौत से बचाया। उनके पराक्रमी कृति पर भारत सरकार ने उन्हें कीर्तिचक्र से नवाजा। सीमा सुरक्षा बल के मुखिया नरिंदर सिंह जामवाल ने श्रद्धांजलि में कहा था : “शहीद सब इंस्पेक्टर पी. गुइटे एक वीर और ईमानदार सिपाही थे। उनके सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा” गुइटे के पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग से इम्फाल और उसके बाद उनके पैतृक गांव विल्ल-म्चुकुकी (मणिपुर) भेजा गया, जहां उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया।

अब इस शहादत के परिवेश में बात उठाई जाए जो कवि प्रदीप ने “आंख में भर लो पानी” वाले अमर गीत में उठाए थे। “जो शहीद हुए हैं उनकी, जरा याद करो कुर्बानी। कोई सिख कोई जाट मराठा, कोई गुरखा, कोई मदरासी। सरहद पर मरने वाला हर वीर था भारतवासी” किसी ने नहीं पूछा था कि रजौरी में शहीद हुए इस मणिपुरी जवान की नस्ल, जाति क्या थी ? बस इतना याद किया कि “इस सैनिक का खून मणिपुरी का नहीं, “वो खून था हिंदुस्तानी”। मगर स्थानीय गुटों की नजर में वह सीमा सुरक्षा बल का जवान पोटिसेंट गाइट अल्पसंख्यक कूकी जनजाति का था। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह वाली मैतेई जनजाति का नहीं। तो क्या वह खून नहीं पानी माना जाएगा ? गत दशकों में कूकी प्रदेश की मांग उठी थी क्योंकि बहुमत मैतेई के शासन में रहना सजाये-मौत के सदृश हैं। उनकी आशा तब बंधी थी जब एक ही भाषा तेलुगु बोलने वालों के आंध्र प्रदेश को तोड़कर तेलंगाना बनाया था, सरदार मनमोहन सिंह की सरकार ने। कूकी जनजाति का नाता असम के अहोम राजवंश से रहा है। जिसमें भौंगकौंग, समलौंगथा, निंगथौ आदि महत्वपूर्ण राजा हुए। असम और अराकान के मध्य कूकी लुशाई और काचार क्षेत्र में रहते थे।

अब नरेंद्र मोदी सरकार से एक राष्ट्रवादी अनुरोध है। जवाहरलाल नेहरू सरकार ने सीमावर्ती राज्यों को, विशेषकर पूर्वोत्तर इलाकों को अजायबघर बनाकर रखा था। उन्हें भारतीय सेना के हवाले कर दिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर जेल में शहादत के बाद प्रयास चला कि इस शेख-अधिकृत कश्मीर प्रदेश को भारत का भूभाग बनाया जाए। बड़ी महंगी कीमत भारत ने चुकाई।

## और बेहतर होते भारत -श्रीलंका संबंध !

विश्व के दो प्रमुख देशों अमेरिका और फ्रांस के बाद अब भारत और श्रीलंका के संबंधों में मजबूती देखने को मिल रही है। जानकारी देना चाहूंगा कि आर्थिक संकटों का सामना करने के बाद पिछले दिनों ही श्रीलंका के राष?ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 20-21 जुलाई 2023 को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए थे। श्रीलंका के आर्थिक संकट का सामना करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। वास्तव में,श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, जिन्होंने बतौर श्रीलंका के राष्ट्रपति अपना एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है,की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंध पहले से कहीं और अधिक मजबूत हुए हैं। दरअसल, दोनों देशों ने हाल ही में समग्र आर्थिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देने के साथ साथ ही अनेक मसलों पर अहम् बातचीत की है। विक्रमसिंघे की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण रही है क्यों कि विक्रमसिंघे ने चीन न जाकर भारत को अधिक महत्व देते हुए यहां की यात्रा की है। यहां पाठकों को यह जानकारी भी देना चाहूंगा कि आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका को पूर्व में भारत ने बड़े स?तर पर मदद की थी। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत की तरफ से श्रीलंका को करीब चार अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी गई थी, जो अपने आप में बहुत बड़ी सहायता है, वहीं चीन ने श्रीलंका पर अपने प्रोजेक्ट्स थोंपकर श्रीलंका को आर्थिक संकट से बाहर निकालने का एक प्रकार से झांसा ही दिया। उल्लेखनीय है कि भारत ने अंतरराष?ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में भी श्रीलंका को सहायता की गारंटी भी दी थी। विक्रमसिंघे यह बात भी अच्छी तरह से जानते हैं कि जब श्रीलंका खराब आर्थिक दौर से गुजर रहा था तब भारत ने ईंधन, गैस और खाद्य संकट दूर करने में तथा अन्य जरूरी चीजों की श्रीलंका को समय पर आपूर्ति से श्रीलंका के आर्थिक हालात काफी हद तक सुधरे।श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे यह बात भी अच्छी तरह से समझते हैं कि आज के समय विश्व पटल पर भारत एक तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और श्रीलंका और भारत दोनों अच्छे पड़ोसी भी हैं। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ समय से श्रीलंका लगातार चीन के पाले में ही जा रहा था। यहां तक कि राजपक्षे ब्रदर्स के शासनकाल में तो श्रीलंका चीन का बहुत बड़ा हिमायती था, लेकिन आर्थिक संकट के समय चीन ने श्रीलंका को ठेंगा दिखा दिया। यहां चीन के बारे में बता दूं कि चीन पहले से ही श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक रहा है, वर्ष 2010-2019 के दौरान चीन का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 23.6% हिस्सा था, जबकि भारत का हिस्सा 10.4% था। लेकिन अब चीन के प्रति श्रीलंका के विश्वास में लगातार कमी आई है और श्रीलंका को यह महसूस होने लगा है कि भारत ही उसका एक सच्चा मित्र व हितैषी पड़ोसी है।भारत की बड़ी आर्थिक मदद से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पटरी पर आई है। यह बात सभी जानते हैं कि भारत के श्रीलंका के साथ सदियों से काफी घनिष्ठ धार्मिक, व्यापारिक और राजनीतिक संबंध भी रहे हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, श्रीलंका के वासी अपनी विरासत भारत से जोड़ते हैं। बौद्ध धर्म, जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई, श्रीलंका में भी एक महत्त्वपूर्ण धर्म है। दोनों देशों के आर्थिक संबंधों की यदि हम बात करें तो अमेरिका और ब्रिटेन के बाद भारत श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। श्रीलंका अपने 60% से अधिक के निर्यात हेतु भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाता है। भारत श्रीलंका में एक प्रमुख निवेशक भी है। समय समय पर दोनों देश आपस में सेनाभ्यास भी करते रहे हैं।

## नए मित्र के आने पर पुराने मित्र को नजरंदाज करना कितना गलत ?

**सुरेखा मेहरा**

जिस तरह अलग अलग रंगों के फूलों से गुलदस्ता और भी खूबसूरत लगने लगता है।उसी तरह अलग अलग व्यक्तियों के आपके जीवन में आने से जिंदगी खुशगवार
हो जाती है । उनमें से कुछ हमारी मित्र मण्डली में भी शुमार हो जाते हैं।कुछ फूलों के संग काटें भी होते हैं अगर हमें उनकी खूबसूरती लुभाती है तो उनके काँटों को हम नजरन्दाज करते हैं। दोस्तों में भी अगर हमें उनका साथ पसंद है तो हम उनकी कमियों को नजरन्दाज करते हैं पर लम्बे समय तक ऐसा करना हमारे लिए कहीं न कहीं तकलीफदेह होने लगता है ।फिर एक खालीपन सा बनने लगता है और उस खालीपन को भरने के लिए हम फिरसे तलाश शुरू कर देते हैं ।एक नया दोस्त या नया रिश्ता आ जाता है जीवन में पर तब अक्सर हम पुराने को इग्नोर करने लगते हैं जोकि मुझे सही नहीं लगता।मित्रता का ढोंग करने से बेहतर है सच बोलकर रिश्ते या दोस्ती को विराम दे दिया जाये अगर ये करना सम्भव नहीं तो कम से कम ईमानदारी जरूर रखी जाए उस दोस्त या रिश्ते से । और जहाँ सहूलियत के हिसाब से दोस्ती या रिश्ता निभाया जाए तो खुद को तकलीफ देने से बेहतर है खुद को उस रिश्ते से अलग कर लिया जाए पर शालीनता से।अक्सर कुछ व्यक्ति दोस्त बनकर जीवन में आते हैं पर उनका रवैया अक्सर दुश्मनों जैसा होता है। मतलबपरस्ती में इनका कोई सानी नहीं होता। मतलब पड़ने पर इनको आपका नाम ,काम सब याद आ जाएगा और दोस्ती भी पर मतलब निकलते ही तू कौन, मैं कौन?क्या बेहतर नहीं होगा कि बजाय की इस झूठी दोस्ती के रिश्ते को ढ़ोने के इससे किनारा कर लिया जाए। अक्सर दोस्ती के नाम पर छलावे ही मिलते हैं ये बात खुद भी कई दफा महसूस की है और लोगों से भी सुना है। जो निभाना ही नहीं जानता उससे बेवजह की उम्मीदें लगाकर क्यों कुढ़ना हर समय?इससे बेहतर की समय रहते उस रिश्ते को दरकिनार कर दिया जाए। दूसरों को खुश रखने के चक्कर में खुद कितना टूटते हैं हम इसका पता हमें बहुत बाद में चलता है।तो बेहतर यही होगा कि बेवजह की उम्मीदें लगाने से बचे ।दोस्त बनाने में जल्दबाजी ना करें और दोस्त बनाएं तो निभायें भी उनसे। महत्वपूर्ण बात ये नहीं कि आप कितने नए रिश्ते बनाते हो? बल्कि महत्वपूर्ण बात ये है कि नए रिश्ते मिलने पर भी पुराने रिश्ते कैसे निभाते हो ?

# महिला अधिकारों के साथ कर्तव्यों की दी जानकारी

## अपर जिला जज ने महाविद्यालय में लगाया शिविर

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/ जिला जज विष्णु कुमार शर्मा की अगुवाई में गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय बेडीपुलिया में महिलाओं के हित संरक्षण व अधिकारों की बाबत विधिक साक्षरता शिविर लगाया।
गुरुवार को राजकीय महाविद्यालय बेडीपुलिया में लगे शिविर में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपनारायण तिवारी ने मोबाइल उपयोग में सावधानी पर चर्चा करते हुये बालिकाओं/छात्राओं व महिलाओं से विशेष सावधानी बरतने का आवाहन किया। छात्राओं को मन लगाकर पढने एवं माता-पिता की अगुवाई में कार्य करने के बारे में बताया। जागरूकता से अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। अपर जिला जज फारुख इनाम सिद्दीकी ने महिला अधिकारों के साथ कर्तव्यों पर जोर दिया। महिलाओं व छात्राओं से विधिक जानकारी के ज्ञान से अन्य लोगों को लाभान्वित करने की अपील की। तहसीदार कर्वी अमित कुमार त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी गरीब, असहाय, निर्धन को विधिक सहायता तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति से दी जाती है। डॉ सुकृति कुशवाहा ने महिलाओं में होने वाले



सर्वाईकल कैंसर से बचाव व लक्षण के बारे में बताया। महिला कल्याण अधिकारी श्रीमती प्रिया माथुर ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में बताया। वन स्टाप सेण्टर काउंसलर अर्चना साहू ने बताया कि पीडित महिलायें जिनके साथ संगीन अपराध होता है, वह पांच दिन को वन स्टाप सेण्टर में रखी जाती हैं। पैरालीगल वालेण्टियर श्रीमती ममता वर्मा ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। हेमराज सिंह एड ने विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी। महिलाओं के उत्थान पर कानूनी जानकारी दी। सुश्री दमयन्ती एड ने दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, महिलाओं के सम्पत्ति अधिकार के बारे में बताया।
अपर जिला जज/सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने नारी शक्ति को शासन की योजनाओं एवं विधिक प्राविधानों में नारी के सम्बन्ध में किये विशेष प्राविधानों पर चर्चा की। आवाहन किया कि कोई भी ज्ञान/कानून का सही प्रयोग होना चाहिए, ताकि सही व पात्र को लाभ मिल सके। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा वीके चैधरी, विभागाध्यक्ष डा आरके पाल, डा वंशगोपाल, डा सीमा कुमारी, नायब तहसीलदार कर्वी रामानन्द मिश्रा, हल्का लेखपाल राजेश कुमार, पैरालीगल वालेण्टियर रामसागर व अरविन्द कुमार, आंगनबाडी कार्यकर्तियां व महाविद्यालय की छात्रायें मौजूद रहीं।

### अब क्या होगा अवार्ड वापसी गैंग बिरादरी का?

देश में पिछले कुछ साल से अवार्ड वापसी करने का चलन काफी तेजी से हुआ है। इस गैंग के सूत्रधार हमेशा से विपक्ष की राजनीति करने वाले कथित रहनुमाओ को जाता है। छद्म सहानुभूति बटोरने वाले कथित रहनुमा मेडलिस्टों/अवार्ड पाने वालों के कंधे पर सवार होकर खुद अपने गले में राजनीति की माला पहनने के अलावा मेडलिस्ट से उनका कोई सरोकार दिखाई नहीं पडता है। 'रहनुमाओ का मकसद सॉल्व तो कथित नेता हुए गोल' की कहावत पर अमल करने वाले कथित स्वार्थ प्रत राजनीति करने वालों पर अब सरकार ने लगाम लगाने का फैंसला लिया है। इसी के मद्देनजर ही पार्लियामेंट्री कमेटी ने अंडरटेकिंग फार्म भरवाने की सिफारिश की है। कमेटी का कहना है कि अवार्ड पाने वाले विजेताओं से पहले ही फार्म पर सिग्नेचर करवा लिए जाएं , कि वे भविष्य में अपना अवार्ड नहीं लौटाएगें। गौरतलब है कि देश में पिछले कुछ सालों से अवार्ड वापसी करने का रिवाज सा बन गया है। अभी हाल ही में तो देश के ओलंपिक अवार्ड विजेता पहलवानों ने कुछ छद्म राजनीतिक चमकाने वालों के उकसावे में आकर हरिद्वारी गंगा में मेडल तक बहाने जा पहुंचे थे।

# चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, पंकज अग्रवाल, योगेश जैन हुए सम्मानित

## आईवीएफ ने किया सम्मान

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने चित्रकूट धाम नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं जिला सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष योगेश जैन का विशाल सम्मान समारोह जिला मुख्यालय के होटल रामकृपा इन में किया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन के सचिव शिव कुमार सोनी, संरक्षक विनोद कुमार समेत नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं संगठनों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, डॉक्टर तथा जिले के नवनिर्वाचित वैश्य सभासद शामिल रहे।
गुरुवार को संगठन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि चित्रकूट को एक साथ तीन वैश्य पदाधिकारी मिले हैं, जो एक साथ मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में ऐसा कार्य करके दिखाएंगे, जो वर्षों तक याद रखा जाएगा। चित्रकूट के सभी लोगों को इनसे बहुत उम्मीदें हैं। चित्रकूट धाम नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के लिए हर तरह से प्रयासरत हैं। नगर के समुचित विकास को नई योजनायें बनाकर भेज रहे हैं। चित्रकूट एक सुंदर, चित्रकूट विकसित, चित्रकूट दर्शनीय चित्रकूट के रूप में लोगों के सामने आने वाले सालों में हो जाएगा। चाहे वह कामदगिरि परिक्रमा का मार्ग हो या पूरे चित्रकूट का नगर एरिया। उन्होंने चित्रकूट के लिए तमाम सारी योजनाओं का भी जिक्र करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की जो भी समस्या हैं उन सभी का निराकरण किया जाएगा। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्हें बैंक से ऋण दिलाया जाएगा। व्यापारियों से गुजारिश की कि वे सहकारी बैंक में अपना खाता खुलवायें और सुविधाओं का लाभ लें। व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाएगी। उन्होंने सहकारी बैंक को भी पूर्ण रूप से विकसित करने की बात कही। योगेश जैन ने किसानों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने की बात कहीं। कार्यक्रम में जिले के सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत सभासदों का स्वागत हुआ। नगर पालिका सदस्य शुभम केसरवानी, कान्हा केसरवानी, अनुज निगम, शैलेंद्र सोनी, श्रीमती शकुंतला गुप्ता, शंकर दयाल जयसवाल एवं रमन मोदनवाल का स्वागत हुआ। कार्यक्रम में डॉ सीताराम, डॉ सुधीर अग्रवाल, राहुल गुप्ता, देवेश जैन, सुभाष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, एमपी जयसवाल, महेंद्र केसरवानी, अशोक केसरवानी, ओम केसरवानी, गोपी किशन अग्रवाल, सरयू प्रसाद केशरवानी, विनोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी गणेश गुप्ता आदि मौजूद रहे। आभार संगठन कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल एड ने जताया। संचालन केशव शिवहरे ने किया।

### दुष्कर्म शिकार बालिका को नहीं मिल रहा न्याय

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म की घटना में पीडित परिजन खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया कि मानिकपुर कोतवाली में उन्हें सवेरे डांटकर भगा दिया गया है। जबरन भांजे को बुलाने का दबाव बनाया जा रहा है।
गुरुवार को सामूहिक दुष्कर्म की शिकार बालिका के परिजनों ने बताया कि मामले को घुमाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित के पिता ने कहा कि उन्हें लगातार धमकी मिल रही है, वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पीड़ित परिवार के तहरीर देने और मामले के 36 घंटे बाद भी नाबालिग बालिका का डॉक्टरी परीक्षण और मजिस्ट्रेटियल बयान नहीं कराया गया।
पीडित के परिजन कहते हैं कि तमाम ऐसे सवाल हैं, जिनका जवाब अभी नहीं मिल रहा। पीड़ित परिवार तहरीर लेकर जिस दिन से थाने गया था, उसके बाद से मुकदमा दर्ज होने तक थाने में कई सफेदपोश और अन्य लोग दबाव बनाने पहुंचे थे। जिसे लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। नाबालिग लड़की का पेट गिराने को कुछ दवायें भी खिलाई गई थीं। नाबालिग बालिका के साथ हुए घिनौने कृत्य की लापरवाही से जांच व पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। अपर एसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि इस मामले में सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय व दो दरोगाओं को वैज्ञानिक तरीके से जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पीडित बालिका के साथ पूरी तरह न्याय होगा।

### यातायात जागरूकता गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** सड़क सुरक्षा पखवाडे में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ यातायात




शीतला प्रसाद पाण्डेय की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार, टीएसआई शैलेन्द्र सिंह व यातायात पुलिस ने राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में शिविर लगाया।
गुरुवार को शिविर में प्रदेश में बढ़ रहे सड़क हादसों की रोकथाम को यातायात जागरूकता गोष्ठी में छात्र/छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। नियमों के पालन को कहा। सभी से कहा कि परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करें। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय हमेशा बायीं ओर चले और सावधीन से वाहन चलाए।
इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य दुर्गेश शुक्ला व अन्य शिक्षक स्टाफ समेत कॉलेज के छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

# परिक्रमा क्षेत्र के अधूरे कार्यों को 20 अगस्त तक करें पूरा: डीएम

## डीएम ने की पर्यटन कार्यों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पर्यटन विभाग के तहत हो रहे कार्यों व रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग चैड़ीकरण तथा तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद कार्यालय को भूमि की समीक्षा में कहा कि बाल्मीकि आश्रम का सुन्दरीकरण करायें।
गुरुवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये कि विद्युत का स्टीमेट बनाकर भेजें। जल संस्थान से कहा कि पानी को भी स्टीमेट बनायें। किस तरह से बाल्मीकि आश्रम में पानी पहुंचाया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि बाल्मीकि आश्रम



के परिक्रमा मार्ग भी बनवायें एवं रेलिंग की भी व्यवस्था करायें। पर्यटन विभाग निमार्णाधीन चालू परियोजनाओं की बाबत क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि चित्रकूट परीक्षेत्र में पर्यटन थाना भी शासन की मंजूरी को भेजें। तुलसीदास पर्यटन स्थल के सुन्दरीकरण में कार्यदाई संस्थाओं से जानकारी ली।
उन्होंने कहा कि जल्द 15 दिन में पूर्ण करायें। अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करायें। तुलसी स्मारक गेस्ट हाउस भवन न खुलने की बाबत क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से निरीक्षण कर एक हफ्ते में आख्या दें। महर्षि बाल्मीकि प्रतिमा पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि प्रतिमा पूरी हो गई हो तो जल्द लगवायें। लक्ष्मण पहाड़ी के कार्यों को जल्द पूरा करायें। परिक्रमा मार्ग में जहां भी लाइट खराब है, उसे भदई अमावस्या तक सही करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि अधूरे कार्यों को 20 अगस्त तक पूरा करायें। बैठक में उप जिलाधिकारी राजबहादुर, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल बांदा कुलदीप सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत आरएस वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अपर मुख्य सचिव ने जल जीवन के देखे कार्य

## मैन पावर बढा जल्द करें कार्य

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पंचायती राज/कृषि उत्पादन/आयुक्त अवस्थापना औद्योगिक विकास आयुक्त उप्र शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन रैपुरा पेयजल समूह का स्थलीय निरीक्षण किया।
गुरुवार को अपर मुख्य सचिव पंचायती राज ने गुंता बांध में इंटेकबेल, अगरहुडा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में फिल्टर हाउस, क्लोरिफिकेटर, केमिकल हाउस, विद्युत केंद्र, वाटर सप्लाई आदि का निरीक्षण किया। पौधरोपण कर उन्होंने कार्यदाई



संस्था जीबीपीबीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि माइंड पावर बढ़ाकर कार्यो को तेजी से करें। अपर मुख्य सचिव ने अगरहुडा के कनेक्शन धारकों से पेयजल सप्लाई के बारे में पूंछा। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि परियोजना से अभी दस गांव में सप्लाई की जा रही है। शेष गांव में कनेक्शन का कार्य चल रहा है। पाठा के सभी गांवों में इस परियोजना से पेयजल दिया जायेगा। पाठा जलकल योजना से भी मानिकपुर में सप्लाई हो रही है। पेयजल योजना निर्माण समीक्षा प्रत्येक माह कर कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश दिये गये हैं।
निरीक्षण में सीडीओ अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### एसपी के निर्देश पर आठ के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने को जारी अभियान में प्रभारी थाना बहिलपुरवा विजय बहादुर यादव ने भोली-भाली जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डागर्दी करने वाले अशोक पुत्र श्रीपाल मवासी, गया पुत्र लच्छी मवासी, बालक पुत्र दुन्नी मवासी, गुडडू मवासी पुत्र हीरालाल निवासी पुराना बहिलपुरवा, कमलेश पुत्र शिवपाल रैदास निवासी बड़ी मड़ैयन, मानसिंह पुत्र ब्रजभूषण, प्रदीप पुत्र बृजभूषण, सुजीत पुत्र ब्रजभूषण निवासी नयापुरवा मजरा रुकमा बुजुर्ग थाना बहिलपुरवा के खिलाफ 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की।

### मानिकपुर के सफेदपोश को करें बेनकाब

**अखंड भारत संदेश**
**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेशचन्द्र शुक्ला ने राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम मानिकपुर को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि मानिकपुर के एक कालेज की नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म में शामिल शिक्षकों व अन्य लोगों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जाये। मांगे न मानने पर अधिवक्ता संघ ने अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी दी है। अधिवक्ता संघ ने एसडीएम मानिकपुर को लिखे पत्र में कहा कि एक कालेज की नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाये। पीड़िता को तत्काल बीस लाख रुपये की मदद दी जाये। पीडिता के परिवार को सुरक्षा दी जाये। थाने में बुलाकर पीडिता को धमकाने वाले सफेदपोश नेताओं के खिलाफ कार्यवाही की जाये। थाने के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज सुरक्षित करायें। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज न करने वाले एवं पीडिता पर दबाव बनाने वाले थानाध्यक्ष को बर्खास्त किया जाये। पीडिता की तहरीर को विवेचना में शामिल किया जाये। प्रधानाचार्य राकेश सिंह चन्देल को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जाये। इस मौके पर अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद गुप्ता, सुन्दरलाल पाण्डेय, सुरेन्द्र द्विवेदी, नारायण सिंह, मोनिका तिवारी, शैलेन्द्र कुमार, पंकज सिंह, अवध किशोर, जयप्रकाश द्विवेदी, नोखेलाल, आशीष सिंह, शिवशंकर शुक्ला, शिवम साहू, धर्मेन्द्र सोनी आदि मौजूद रहे।

### भाजपा के ब्लाक प्रमुख का नाम दुष्कर्म में आ रहा सामने

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** मानिकपुर में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म मामले में भाजपा के एक ब्लाक प्रमुख का नाम सामने आ रहा है। इसे लेकर सत्ता पक्ष के लोग ब्लाक प्रमुख को बचाने में जुट गये हैं। ये ब्लाक प्रमुख पहले से ही कुकर्म के लिए कुख्यात रहा है। इसका काला इतिहास बताता है कि ये किसी का सगा नहीं है। जिस डाल पर बैठता है ये उसी को काट डालता है। इसे बचाने वाले सत्ता पक्ष के लोग भी इसी की श्रेणी के होंगे। अन्यथा इसे बचाने को कोई आगे नहीं आने वाला।

### दो जुआरियों को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने ताश के पत्तों में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दो लोगों को गिरफ्तार किया है।
गुरुवार को चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह ने जाहिर अली पुत्र कल्लू खां व हैदर अली पुत्र रज्जब अली निवासी निबुआ पुरवा कोतवाली कर्वी को जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से मालफड़ से 2450 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामा तलाशी में 480 रुपये बरामद किये। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम दर्जकर चालान किया। टीम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण कुमार सिंह, सिपाही अरविन्द्र राठौर, शिवम मिश्रा व आशीष सिंह शामिल रहे।

### सड़क सुरक्षा पर हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** महामति प्राणनाथ महाविद्यालय मऊ में सड़क सुरक्षा के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। बीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्र शशांक बाजपेई, साक्षी द्विवेदी, अर्पिता बाजपेई, आम्रपाली त्रिपाठी, रोशनी देवी, मानसी मिश्रा ने हिस्सा लिया।




गुरुवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता में शशांक बाजपेई व साक्षी द्विवेदी प्रथम, आम्रपाली त्रिपाठी और अर्पिता बाजपेई द्वितीय रहीं। सड़क दुर्घटना चुनौती और समाधान पर विचार विमर्श प्रतियोगिता के बाद महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ एस कुरील ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए। किसी दशा में उल्लंघन करना दुर्घटनाओं को आमंत्रण देना है। दोपहिया वाहन चलाते हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन के सभी वैध प्रपत्र लेकर चलें। वाहन निर्धारित गति से चलायें। इसी क्रम में हिंदी प्राध्यापक पूरन सिंह ने कहा कि लापरवाही हटी दुर्घटना घटी। वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें। वाहन को इकोनामिक जोन में ही चलायें। पूरन सिंह ने कहा कि कोई व्यक्ति दुर्घटना में आहत होता है तो उसे अस्पताल भेजवायें।
अंत में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि युवा वर्ग मोटरसाइकिल चलाते समय स्टंट न करें। चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। जीवन अमूल्य है। वाहन चालकों के लिए आवश्यक है कि सड़क संकेतों का अध्ययन करें। सड़क पर चलते समय पालन करें। छात्र-छात्राओं के माध्यम से आवाहन करते हैं कि विचार विमर्श के बिंदु समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचायें। कार्यक्रम दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौतजूद रहे। संचालन प्रो एस कुरील ने किया।

### उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने आन्दोलन की बनाई रणनीति

**अखंड भारत संदेश**
**मऊ/चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर ब्लॉक कार्यकारिणी मऊ एवं जिला कार्य समिति के सदस्यों की बैठक कम्पोजिट विद्यालय हरिजन बस्ती मऊ में हुई।



गुरुवार को बैठक की अध्यक्षता ब्लाक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरभान ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के बतौर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष/तहसील प्रभारी आलोक गर्ग, जिला प्रवक्ता संकल्प पांडेय, जिला कार्य समिति के अन्य सदस्यों में प्रदीप, सुनील मौजूद रहे। बैठक में ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सभी सदस्यों को मांग पत्र पढ़कर सुनाया। संघ के आगामी आंदोलन की तिथियों से अवगत कराते हुए सभी बिंदुओं और तथ्यों पर चर्चा की।
दस से 15 अगस्त के बीच मऊ, मानिकपुर, चित्रकूट विधान सभा के विधायकों को ज्ञापन दिया जायेगा। चार सितंबर को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

## आखिर चीन के पूर्व विदेश मंत्री के साथ हुआ क्या? सरकार ने क्विन गैंग के सारे रिकॉर्ड क्यों किए डिलीट

**बीजिंग।** बीते करीब एक महीने से गायब चल रहे चीन के विदेश मंत्री क्विन गैंग को हाल ही में पद से हटा दिया गया है। उनकी जगह पूर्व विदेश मंत्री वांग यी को फिर से विदेश मंत्री बनाया गया है। क्विन गैंग महज 207 दिन ही चीन के विदेश मंत्री पद पर रहे और चर्चाएं हैं कि क्विन गैंग से संबंधित विदेश मंत्रालय के सभी रिकॉर्ड हटा दिए गए हैं। अभी तक यह भी पता नहीं चल सका है कि क्विन गैंग कहां पर हैं।



**चीन सरकार ने हटाए रिकॉर्ड** मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के विदेश मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट से 57 वर्षीय क्विन गैंग से संबंधित सभी रिकॉर्ड हटा दिए गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, जब चीन के विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर क्विन गैंग का नाम डाला गया तो वेबसाइट पर 'उपलब्ध नहीं हैं' या फिर 'डिलीट' लिखकर आया। हालांकि फिलहाल चीन की स्टेट काउंसिल, वाणिज्य मंत्रालय की वेबसाइट पर क्विन गैंग से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध हैं। **आखिर क्विन गैंग को क्या हुआ है?** कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि क्विन गैंग को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते वांग यी ने उनकी जगह ली है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि टेलीविजन एंकर से करीबी के चलते उन्हें पद से हटाया गया है। ऐसी भी चर्चाएं हैं कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग उनके काम से खुश नहीं थे और इसी वजह से उन्हें पद से हटाया गया। हालांकि चीनी मीडिया ने अभी तक इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

## दशकों से एलियंस यूएफओ से जुड़ी जानकारी छिपा रहा अमेरिका, पूर्व वायुसेना अधिकारी ने संसद के सामने दी गवाही

**वॉशिंगटनः** अमेरिका की वायुसेना के पूर्व खूफिया अधिकारी ने खुलासा किया है कि अमेरिका एलियंस और यूएफओ (अज्ञात उड़ने वाली वस्तु) से जुड़ी जानकारी दशकों से छिपा रहा है। यूएफओ को अब अमेरिका की सरकार यूएपी (अज्ञात उड़ने वाली घटना) कहती है। वायुसेना के पूर्व अधिकारी ने यूएस कांग्रेस के



सामने दावा किया कि अमेरिका यूएफओ की रिवर्स इंजीनियरिंग पर काम कर रहा है। वहीं अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने पूर्व वायुसेना अधिकारी के खुलासे को खारिज कर दिया है और उनके दावों का खंडन किया है। **अमेरिकी कांग्रेस के सामने दी गवाही** बता दें कि रिटायर्ड मेजर डेविड ग्रश यूएस कांग्रेस की हाउस ओवरसाइट उपसमिति के सामने पेश हुए।

## भुखमरी सूचकांक में पाकिस्तान 99वें स्थान पर, विश्व में 82.8 करोड़ लोग भूखा रहने को मजबूर

**इस्लामाबादः** वैश्विक भुखमरी सूचकांक (जीएचआई) में पाकिस्तान की रैंकिंग 2006 में 38.1 से गिरकर 2022 में 26.1 पर आ पहुंची है। यह बताती है कि देश व उसके लोगों पर कितना संकट है। पाकिस्तान के मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जीएचआई ने सर्वेक्षण में शामिल 121 देशों में से पाकिस्तान को 99वें स्थान पर रखा। ग्लोबल हंगर इंडेक्स के पाकिस्तान चैप्टर ने ये आंकड़े जारी किए हैं। रिपोर्ट के अनुसार,



जीएचआई ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और कोरोना महामारी ने मिलकर 82.8 करोड़ लोगों को भूखा रहने के लिए मजबूर कर दिया है। 2030 तक भुखमरी के स्तर का खत्म होना दूर की बात बताई गई है। अफ्रीका में, सहारा के दक्षिण व दक्षिण एशिया एक बार फिर भुखमरी की ऊंची दर वाले क्षेत्र हैं।

# भारत से नेपाल में विस्फोटकों का आयात दोबारा शुरू

**काठमांडू।** नेपाल के निर्माण क्षेत्र के लिए भारत से विस्फोटकों का आयात फिर शुरू हो गया है। नेपाली सेना के प्रवक्ता कृष्ण प्रसाद भंडारी ने बताया कि भारत से विस्फोटकों का आयात इसी सप्ताह से शुरू हो गया है। नेपाल में विस्फोटकों के दुरुपयोग के संदेह के कारण भारत ने छह महीने पहले आयात परमिट नहीं दिया था। चीनी कंपनियों के प्रोजेक्ट्स में विस्फोटक पहुंचने से भारत ने हाथ खींच लिए थे। इसके बाद जब विस्फोटकों की कमी हो गई तो नेपाल ने चीन से विस्फोटक आयात करना शुरू कर दिया। भारत से विस्फोटकों के लिए कच्चे माल का आयात फिर से शुरू होने के बाद नेपाली सेना के इमल्शन प्लांट के संचालन में कोई दिक्कत नहीं आई है। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि इमल्शन प्लांट के लिए आवश्यक विस्फोटकों का कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में मिलना शुरू हो गया है। भारत ने नेपाल को केवल नेपाली निवेश से बनने




वाली परियोजनाओं के लिए विस्फोटकों की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) दी है। चीनी निवेश और चीनी निर्माण कंपनियों से जुड़ी परियोजनाओं के लिए एनओसी नहीं दी गई है। सैन्य प्रवक्ता भंडारी ने बताया कि एनओसी प्राप्त परियोजनाओं के लिए विस्फोटकों का आना शुरू हो गया है। भारतीय निवेश और कंपनी की भागीदारी के साथ निर्माण क्षेत्र के लिए एनओसी है। इससे उन्हें विस्फोटकों की कोई दिक्कत नहीं होती। नेपाल में निर्माण क्षेत्र में चीनी कंपनियों का दबदबा शुरू होने के बाद नेपाल में भारत द्वारा सख्त नीति अपनाने का मुद्दा उठाया जा रहा है।

चीनी कंपनियां काठमांडू तराई एक्सप्रेसवे (फास्ट ट्रैक), कुछ सुरंगों और जलविद्युत परियोजनाओं में शामिल हो रही हैं। सीमेंट उद्योग में चीन का निवेश भी बहुत बड़ा है। नेपाल सरकार ने चीन से भी विस्फोटकों के आयात की अनुमति देने का फैसला किया है। हालाँकि चीन से आयातित विस्फोटक महंगा है। चीन से विस्फोटक आयात करने पर भारत की तुलना में 10.5 फीसदी ज्यादा टैक्स देना पड़ता है। इसलिए, चीन से आयातित विस्फोटक भारत की तुलना में अधिक महंगे होते हैं। दूसरी ओर, सीमा पर अतिरिक्त शिपिंग लागत और सुरक्षा शुल्क का भुगतान करना पड़ता है।

## ब्रिटेन में चिकित्सकों ने की अगस्त में चार दिन के हड़ताल की घोषणा

**लंदन।** ब्रिटेन के हजारों सरकारी डॉक्टरों ने वेतन विवाद को लेकर अगस्त में चार दिनों के लिए हड़ताल पर रहने की घोषणा की है। यह जानकारी चिकित्सकों के संघ ने दी। हाल में हुई पांच-दिवसीय हड़ताल को राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के इतिहास में सबसे लंबा बताया गया था। इस बार डॉक्टर 11 अगस्त से 15 अगस्त के बीच इंग्लैंड में हड़ताल करेंगे। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन की जूनियर चिकित्सकों की कमेटी के सह-अध्यक्ष डॉ रॉबर्ट लॉरेन्सन और डॉ विवेक त्रिवेदी ने कहा कि इसे कभी उस बिंदु तक नहीं पहुंचना चाहिए था, जहां हमें पांचवें दौर की हड़ताल की घोषणा करने की आवश्यकता पड़े। उन्होंने कहा, हमारा संदेश आज भी वही है- एक जिम्मेदार सरकार की तरह कार्य करें, अच्छे इरादे और विश्वसनीय पेशकश के साथ हमसे बातचीत के लिए मेज पर आएं और इस




हड़ताल को आगे बढ़ाने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। लगभग 75,000 तथाकथित जूनियर डॉक्टर मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए 2008 के स्तर पर वेतन पाने के लिए 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। सरकार, हालांकि सिर्फ छह प्रतिशत वेतन वृद्धि की पेशकश कर रही है।

## अफ्रीकी देश नाइजर में सेना ने किया तख्तापलट का दावा, राष्ट्रपति बज्म गिरफ्तार

**नियामी।** नाइजीरिया के पड़ोसी पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर में गुरुवार को सेना ने तख्तापलट का दावा किया है। कर्नल अब्द्रमाने ने अन्य सैन्य अधिकारियों के साथ नेशनल टीवी पर आकर देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बज्म को सत्ता से बेदखल करने का दावा किया। राष्ट्रपति को कैद कर लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नाइजर के राष्ट्रपति को सत्ता से बाहर करने की बात करते हुए कर्नल अब्द्रमाने ने कहा कि खराब शासन व्यवस्था और सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति की कारण राष्ट्रपति शासन को खत्म किया जा रहा है। पूरे देश में कर्फ्यू घोषित कर सभी सरकारी संस्थानों को निलंबित कर दिया गया है। नाइजर की सीमाएं सील हैं। कर्नल अब्द्रमाने ने नाइजर में किसी भी विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ



अंजाम भुगतने की चेतावनी दी है। हालांकि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका नाइजर में लोकतांत्रिक रूप से चुने गए राष्ट्रपति के समर्थन में खड़ा है। अमेरिका ने राष्ट्रपति को तत्काल रिहा करने की मांग की है। उधर, यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति से बात कर उन्हें संयुक्त राष्ट्र का पूरा समर्थन देने की पेशकश की है।

## बाढ़ में बहकर पाकिस्तान पहुंचा भारतीय नागरिक, खुफिया एजेंसी को सौंपा गया

**लाहौर।** सतलुज नदी के बाढ़ में बहकर पाकिस्तान पहुंचे एक बधिर भारतीय नागरिक को खुफिया एजेंसी को सौंप दिया गया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेस्क्यू 1122 के एक प्रवक्ता ने यहां कहा कि 50 वर्षीय भारतीय नागरिक बधिर है और इशारों में बात करता है। उसने कहा कि वह एक हिंदू है और बाढ़ का पानी उसे बहाकर यहां ले आया है। प्रवक्ता ने बताया कि लगभग 70 किलोमीटर दूर पंजाब प्रांत के कसूर जिले के गंडा सिंह वाला इलाके के पास सतलुज के बाढ़ के पानी के साथ बहकर मंगलवार को वह व्यक्ति पाकिस्तान पहुंचा था। मेडिकल जांच के बाद भारतीय नागरिक को जांच के लिए खुफिया एजेंसी को सौंप दिया गया है। रिपोर्ट के



अनुसार, व्यक्ति के दाहिने हाथ पर हिंदी में कुछ गुदा हुआ है। इसमें कहा गया कि उस व्यक्ति का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

## नेपाल में सोना तस्करी मामले को लेकर संसद में हंगामा, जांच समिति के गठन की मांग

**काठमांडू।** नेपाल में सोना तस्करी मामले पर संसद में हंगामा हुआ। विपक्षी सीपीएन (यूएमएल) के सांसदों ने प्रधानमंत्री प्रचंड पर सोने की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया। यूएमएल ने उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन की मांग करके बैठक को बाधित किया। अध्यक्ष देवराज घिमिरे ने संसद की बैठक 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। यूएमएल के मुख्य सचेतक पदम गिरी ने एक जांच समिति के गठन की मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री की सेटिंग के बिना सोने की तस्करी नहीं हो सकती। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक कमेटी नहीं बनेगी, तब तक सदन नहीं चलने दिया जायेगा। विपक्षी नेशनल इंडिपेंडेंट पार्टी (आरएसपी) ने सोने की तस्करी मामले को लेकर तत्काल सार्वजनिक महत्व का एक प्रस्ताव दर्ज किया है। आरएसपी के



अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चेतावनी दी कि अगर गृह मंत्री सोने की तस्करी पर संतोषजनक जवाब नहीं देंगे, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के अध्यक्ष राजेंद्र लिंगदेन ने कहा कि नेपाल सोने की तस्करी के लिए पारगमन बिंदु बनता जा रहा है। उन्होंने सरकार से मुख्य सोना तस्कर को गिरफ्तार करने की मांग की। सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस के सांसद सुनील शर्मा और रामहरि खातीवाड़ा ने भी सोना तस्कर नाइकी को गिरफ्तार करते हुये तस्करी की सच्चाई सामने लाने की भी मांग की।

## पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से इमरान को झटका, भ्रष्टाचार मामले में कार्यवाही पर रोक की याचिका खारिज


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट से पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को बड़ा झटका मिला है। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान के ऊपर चल रहे तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान खान पर प्रधानमंत्री रहते हुए उन्हें मिले कीमती उपहारों को बेचने का आरोप लगा है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने पिछले साल 21 अक्टूबर को पूर्व प्रधानमंत्री को तोशाखाना मामले में झूठे बयान और गलत घोषणा करने के लिए सांसद पद से अयोग्य घोषित कर दिया था। उपहारों की गलत जानकारी देने को लेकर मई में एक ट्रायल कोर्ट ने मामले की स्थिरता को चुनौती देने वाली इमरान खान की याचिका खारिज कर उन्हें दोषी ठहराया था। इसके बाद इमरान ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष



चुनौती दी, जिसने मामले को दोबारा जांच के लिए ट्रायल कोर्ट में वापस भेज दिया। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से राहत न मिलने पर इमरान खान ने पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुनवाई के दौरान दो सदस्यीय पीठ के न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी ने टिप्पणी की कि शीर्ष अदालत तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में ट्रायल कोर्ट के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करेगी और आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी।

# बांग्लादेश: डरावना रूप लेता डेंगू, अबतक 215 लोगों की मौत

**ढाका।** बारिश की शुरुआत के साथ बांग्लादेश में डेंगू की समस्या खतरनाक रूप ले रही है। बुधवार सुबह तक देश में 24 घंटे के भीतर डेंगू से 14 लोगों की मौत हो गई और रिकॉर्ड 2653 डेंगू के मामले सामने आए। खासकर राजधानी ढाका में डेंगू की स्थिति और भी खराब है, जहां 4760 इलाज करा रहे हैं। जबकि देशभर में डेंगू मरीजों की संख्या 8189 पहुंच गई है। समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक बांग्लादेश में इस वर्ष अभी तक के नए मरीजों में से 1327 को ढाका के अस्पतालों और बाकी मरीजों को बाहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डेंगू से होने



वाले मौत के मामले में जुलाई काफी डरावना महीना बन गया है जिसमें अबतक 215 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 2022 में बांग्लादेश में डेंगू से 281 लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 2019 में डेंगू से मरने वालों की संख्या 179 थी। कोरोना काल में डेंगू के मामलों में अप्रत्याशित रूप से कमी देखी गई थी।विशेषज्ञों को अगस्त और सितंबर में देश में डेंगू की स्थिति और भी बिगड़ने का अंदेशा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस स्थिति से निबटने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।


**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली।** सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार आज एक बार फिर बिकवाली के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार ने आज के कारोबार की शुरूआत बढ़त के साथ की थी। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी ने खरीदारी के सपोर्ट से मामूली तेजी भी दिखाई लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लुढ़कते चले गए।

# उत्तरी सागर में 3,000 कार ले जा रहे जहाज में लगी आग, एक की मौत

**द हेग।** नीदरलैंड के उत्तरी सागर में करीब 3,000 कार को लेकर जा रहे एक मालवाहक जहाज में आग लगने से चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई है तथा कई घायल हो गए। पुर्तगाल तटरक्षक बल ने यह जानकारी दी। पुर्तगाल तटरक्षक के अनुसार वह इस जहाज को डूबने से बचाने पर काम कर रहा है। यह जहाज प्रवासी पक्षियों के एक अहम पर्यावास के करीब है। तटरक्षक बल ने एक बयान में कहा कि चालक दल के 23 सदस्यों को जहाज से निकालने के लिए नौकाओं तथा हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया है। एक जीवनरक्षक नौका के कैप्टन ने पुर्तगाली प्रसारणकर्ता एनओएस को बताया कि चालक दल के कुछ सदस्यों ने जान बचाने के लिए जहाज से समुद्र में छलांग लगा दी और उन्हें एक जीवनरक्षक



नौका की मदद से बचाया गया। आपात सेवाओं ने बताया कि चालक दल के कुछ सदस्यों की हड्डियां टूट गई, कुछ झुलस गए और कुछ को सांस लेने में दिक्कत हो रही है तथा उन सभी को उत्तरी नीदरलैंड के अस्पतालों में भर्ती कराया गया।तटरक्षक बल के प्रवक्ता ली वर्सटीग ने टेलीफोन पर कहा, अभी स्थिति पर नजर रखने तथा आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर कई नौकाएं हैं। यह जहाज वैडन सागर में पर्यटकों के बीच लोकप्रिय पुर्तगाली और जर्मन द्वीपों के समीप है। वैडन सागर को यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया हुआ है। अभी आग लगने की वजह का पता नहीं चला है और यह स्पष्ट नहीं है कि चालक दल के सदस्य की मौत कैसे हुई।

फ्रीमैंटल हाईवे जहाज जर्मनी के ब्रीमरहेवन बंदरगाह से मिस्र के पोर्ट सेड जा रहा था, जब पुर्तगाल के एमीलैंड द्वीप से करीब 27 किलोमीटर उत्तरी दिशा में उसमें आग लग गई।

# रक्षा उपकरणों के विकास व उत्पादन में साझेदारी मजबूत करेंगे भारत और ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** भारत और ऑस्ट्रेलिया रक्षा उपकरणों के विकास व उत्पादन में साझेदारी और मजबूत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुई आठवीं भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा नीति वार्ता में एक दूसरे की क्षमताओं व योग्यताओं का आंकलन कर उनका परस्पर लाभ उठाने पर जोर दिया गया। भारत के रक्षा मंत्रालय में विशेष सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा विभाग में कार्यवाहक उप-सचिव स्टीवन मूर के नेतृत्व में हुई इस वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा की गई और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत तथा प्रगाढ़ बनाने के लिए नई पहलों की संभावनाओं पता लगाया गया। चर्चा के दौरान



विचार-विमर्श रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन में साझेदारी मजबूत बनाने के तरीकों की पहचान करने पर भी केंद्रित रहा। दोनों पक्षों ने परस्पर विश्वास और समझ, समान हितों तथा लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों के आधार पर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि की। भारतीय पक्ष ने ऑस्ट्रेलियाई सशस्त्र बलों की जहाज निर्माण और रख-रखाव संबंधी योजनाओं में भारतीय रक्षा उद्योग की सहयोग की क्षमता और योग्यता को रेखांकित किया। भारत और ऑस्ट्रेलिया की व्यापक रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख स्तंभ रक्षा क्षेत्र है।